
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com


PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार


PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः-जाह्नवी कपूर को जब श्रीदेवी की वजह से मूंछ के साथ करना पड़ा था शूट

वर्ष -08 अंक -297 | प्रयागराज, शनिवार, 22 अक्टूबर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### हमीरपुर के आशीष शर्मा ने थामा कांग्रेस का हाथ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश गो सेवा समिति के सदस्य एवं समाजसेवी आशीष शर्मा ने वीरवार देर सायं दिल्ली में कांग्रेस का हाथ थाम लिया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र जार की अगुवाई में आशीष शर्मा ने हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ल के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इससे पहले आशीष शर्मा का नाम भाजपा की ओर से भी टिकट की लाइन में था, लेकिन भाजपा हाईकमान व स्थानीय नेताओं के चक्रव्यूह के चलते उन्हें टिकट नहीं दिया गया। स्वर्गीय



जगदेव चंद ठाकुर के बेटे एवं स्थानीय विधायक नरेंद्र ठाकुर पर ही भरोसा जताकर उन्हें टिकट दिया गया है। इसके बाद आजाद प्रत्याशी के तौर पर विधानसभा चुनाव जीतने की क्षमता रखने वाले आशीष शर्मा पर कांग्रेस पार्टी ने पूरी नजर रखी थी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र जार ने जानकारी दी कि आशीष शर्मा को कांग्रेस पार्टी की ओर से हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट मिला है। शुक्रवार को दोपहर एक बजे नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उन्होंने बताया कि आशीष शर्मा ने पहले विधिवत कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है और उसके बाद कांग्रेस पार्टी हाईकमान ने उन्हें टिकट प्रदान किया है। हमीरपुर विधानसभा सीट से प्रदेश कांग्रेस पार्टी के महासचिव सुनील शर्मा बिट्टू, पूर्व विधायक कुलदीप पठानिया, पूर्व विधायक अनीता वर्मा, समाजसेवी रोहित शर्मा, डाक्टर पुष्पेंद्र वर्मा टिकट की दौड़ थे लेकिन कांग्रेस पार्टी हाईकमान के आगे सब टिकट की दौड़ से बाहर हो गए हैं और समाजसेवी आशीष शर्मा को कांग्रेस पार्टी ने टिकट दिया है।चुनावों में बाइडन ने चला रूस-यूक्रेन युद्ध का दांव, बोले- अगर रिपब्लिकन जीते तो रुक जाएगी जेलेंस्की को मदद
पिट्सबर्ग, एजेंसी। अमेरिका में आने वाले दिनों में कांग्रेस (संसद) के मध्यावधि चुनाव होने वाले हैं। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को रूस-यूक्रेन युद्ध का जिक्र कर रिपब्लिकन पार्टी को घेरने की कोशिश की।

# दिवाली से पहले पीएम मोदी युवाओं को देंगे तोहफा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिवाली से पहले देश के युवाओं को



एक बड़ा तोहफा देने जा रहे हैं। पीएम कल यानी 22 अक्टूबर को सुबह 11 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए 10 लाख लोगों के भर्ती अभियान 'रोजगार मेले' का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर पीएम 75000 लोगों को कल नियुक्ति पत्र सौपेंगे। इन नवनियुक्त युवाओं को पीएम संबोधित भी करेंगे। बता दें कि इस भर्ती अभियान के तहत केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों आदि में यह नियुक्तियां हो रही है इस कार्यक्रम में कई मंत्री भी हिस्सा लेंगे। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान उड़ीसा से, अनुराग ठाकुर चंडीगढ से, पीयूष गोयल महाराष्ट्र से और मनसुख मांडविया गुजरात से जुड़ेगें। इसके अलावा कई और मंत्री भी अलग-अलग शहरों से जुड़ेंगे। सभी सांसद भी अपने संसदीय क्षेत्र से इस कार्यक्रम में जुड़ेगें। बता दें कि पीएम ने इस अभियान के तहत दिसंबर 2023 तक 10 लाख नौकरी देने का ऐलान किया था। जानकारी के अनुसार पीएम मोदी कल जिन चयनित 75 हजार पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र देंगे वह अलग-अलग मंत्रालय और विभागों में कार्यरत होंगे। इनमें रक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय, श्रम व रोजगार मंत्रालय, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ), कस्टम, बैंकिंग आदि में रोजगार शामिल होगा। पीएम मोदी जिन चयनित कर्मियों को कल नियुक्ति पत्र देंगे वो केंद्र सरकार के 38 मंत्रालयों या विभागों में नियुक्त होंगे। यह कर्मचारी बी (अराजपत्रित) और ग्रुप-सी में भर्ती होंगे। जिन पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं, उनमें केंद्रीय सशस्त्र बल कार्मिक, उप निरीक्षक, कान्स्टेबल, एलडीसी, स्टेनो, पीए, आयकर निरीक्षक, एमटीएस और अन्य शामिल हैं।

## डिफेंस एक्सपो में कुल 1.53 लाख करोड़ के सहमति पत्रों पर दस्तखत, टूटे पिछले सभी रिकार्ड

(आधुनिक समाचार सेवा)
**गांधीनगर।** तीन दिवसीय डिफेंस एक्सपो के अंतिम दिन गुजरात के गांधीनगर में 451 सहमति पत्रों पर दस्तखत किए गए जिनमें 1.53 लाख करोड़ रुपये के करार किए गए हैं। रक्षा सचिव अजय कुमार ने गुरुवार को बताया कि डिफेंस



एक्सपो के 12वें संस्करण में पिछले व्यापारिक सौदों को सभी रिकार्ड टूट गए हैं। यह अब तक का सबसे कामयाब डिफेंस एक्सपो रहा है। दसों हजार बिजनेस विजिटर आए। उन्होंने बताया कि लखनऊ में 2020 में आयोजित पिछले डिफेंस एक्सपो में 201 सहमति पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे। लेकिन इस बार 451 सहमति पत्र और समझौतों पर दस्तखत किए गए हैं। इनका मूल्य 1,53,000 करोड़ रुपये का है। यह सहमति पत्र और समझौते उद्योग और उद्योग, उद्योग व राज्य सरकारों और उद्योग और केंद्र सरकार के बीच किए गए हैं। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आचार्य देवव्रत और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने निर्यात को घरेलू रक्षा उद्योग की दीर्घकालिक स्थिरता के लिए एक प्रमुख स्तंभ बताया है। गुरुवार को उन्होंने कहा कि सरकार ने 2025 तक पांच अरब अमेरिकी डालर का रक्षा निर्यात हासिल करने का लक्ष्य रखा है। गांधीनगर में 12वें डिफेंस एक्सपो में एक कार्यक्रम में उन्होंने यह भी कहा कि सरकार 2025 तक रक्षा उत्पादन में कुल 22 अरब अमेरिकी डालर के कारोबार पर नजर गड़ाए हुए है। रक्षा मंत्री ने कहा कि डिफेंस एक्सपो-2022 आत्मनिर्भर भारत की ताकत का प्रतीक है।

## कांग्रेस की 17 और प्रत्याशियों की सूची जारी, भरमौर से भरमौरी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**शिमला।** हिमाचल में कांग्रेस पार्टी में टिकटों को लेकर मचा घमासान थोड़ा थम गया है। वीरवार को



दिनभर दिल्ली में बैठकों का दौर जारी रहा। रात को जारी सूची में 17 प्रत्याशियों के नाम फाइनल किए गए हैं। कुछ सीटों पर अंतिम फैसला लेने के लिए हाईकमान को ही अधिकृत किया गया है। इससे पहले कांग्रेस ने 46 प्रत्याशियों की सूची जारी की थी। अब 5 सीटों पर पेंच फंसा है। शिमला जिला में वीरवार को छह प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। विधानसभा क्षेत्र चौपाल से एक, ठियोग से दो, कसुम्पटी से एक और जुब्बल-कोटखाई से दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आदित्य नेगी ने बताया कि चौपाल से बहुजन समाज पार्टी की ओर से भगत लाल (41), ठियोग से बहुजन समाज पार्टी की ओर से जिया लाल (61), ठियोग से निर्दलीय प्रत्याशी अमित मेहता (38) ने नामांकन पत्र भरे। इसके अलावा कसुम्पटी से सीपीएम की ओर से कुलदीप सिंह तंवर (65), जुब्बल-कोटखाई से सुमन कदम (34) तथा सीपीएम की ओर से विशाल शांगटा (51) ने भी नामांकन पत्र दाखिल किए।

## ईडी को मिली भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी की 39 संपत्तियों को जब्त करने की अनुमति

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मुंबई।** एक विशेष पीएमएलए कोर्ट ने गुरुवार को भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी की 39 संपत्तियों को जब्त करने की अनुमति ईडी को दे दी। कोर्ट ने नीरव मोदी और उसकी कंपनियों द्वारा गिरवी रखी गई नौ संपत्तियों की मांग करने वाले पीएनबी के आवेदन को भी अनुमति दे दी है। नीरव को विशेष पीएमएलए कोर्ट ने दिसंबर 2019 में भगोड़े




आर्थिक अपराधी अधिनियम-2018 के तहत भगोड़ा घोषित किया था। इससे पहले इस साल जुलाई में ईडी ने हांगकांग में नीरव मोदी की कंपनियों के समूह की करीब 253.62 करोड़ रुपये की चल संपत्ति जब्त की थी। ईडी ने एक बयान में कहा कि कुर्क की गई इस संपत्ति में रतन और आभूषण के अलावा 30.98 मिलियन अमेरिकी डालर और 5.75 मिलियन हांगकांग डालर शामिल थे। बता दें कि नीरव मोदी ने पंजाब नेशनल बैंक से 6498. 62 करोड़ रुपये का घोटाला किया था। इसके बाद वह विदेश भाग गया था। फिलहाल वह लंदन की एक जेल में है। भारत सरकार उसे वापस लाने को प्रयासरत है। जांच के दौरान, पूर्व में ईडी ने भारत और विदेशों में नीरव मोदी और सहयोगियों की 2,396.45 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति को कुर्क किया था।

## 'पुलिस स्मृति दिवस' पर बोले अमित शाह- पीएम मोदी के विजन के चलते देश की आंतरिक सुरक्षा हुई मजबूत

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** देश की आंतरिक सुरक्षा में मोदी सरकार के आने के बाद बड़ा बदलाव आया है। अब युवा पत्थर फैंकने को मजबूर नहीं हैं, बल्कि देश सेवा से जुड़ रहे हैं। यह बात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस स्मृति दिवस पर शुरू की गई विभिन्न विकास परियोजनाओं में शामिल हैं। अपने संबोधन में शाह ने पीएम मोदी की खासी तारीफ की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के विजन के तहत देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कई उपाय किए गए हैं, जिसका



कही। शाह आज 'पुलिस स्मृति दिवस' पर राष्ट्रीय पुलिस स्मारक का दौरा करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने मोदी सरकार के बड़े कार्यों का जिक्र किया। शाह ने कहा कि पहले पत्थर फेंकने में शामिल युवा अब सरकार द्वारा अब असर दिख रहा है। उन्होंने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा में सकारात्मक बदलाव आया है। इससे पहले पूर्वोत्तर, कश्मीर और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में आए दिन बड़ी घटनाएं होती थीं।

## पुणे में सेप्टिक टैंक की सफाई करने वाले 2 सफाई कर्मियों की मौत, 1 लापता

**पुणे (महाराष्ट्र)।** पुणे शहर के वाघोली इलाके में एक निजी सोसायटी के सेप्टिक चैंबर की सफाई के दौरान दो लोगों की मौत हो गयी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि पुणे, महाराष्ट्र में दो सफाई कर्मचारियों की जान चली गई, जबकि एक लापता हो गया। यह दुखद घटना उस समय हुई जब मजदूर एक हाउसिंग सोसाइटी में सेप्टिक चैंबर की सफाई कर रहे थे। पुणे मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएमआरडीए) के अधिकारियों के मुताबिक, ये लोग पुणे के वाघोली इलाके में एक निजी सोसायटी के सेप्टिक चैंबर की हाथ से सफाई कर रहे थे।



### अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर से दिवाली की शुरुआत

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में न्यूयॉर्क में प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर से दिवाली समारोह शुरू हो गया है, अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला



हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को अपने घरों में रोशनी का त्योहार मनाया। बाइडेन प्रशासन और कांग्रेस के सदस्य गुरुवार रात से अमेरिकी राजधानी में एक सप्ताह तक चलने वाले दिवाली समारोह आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। हैरिस ने शुक्रवार को वीपी आवास पर दिवाली समारोह के लिए प्रख्यात भारतीय-अमेरिकियों, राजनयिकों और प्रशासन के सदस्यों को आमंत्रित किया है।सोमवार 24 अक्टूबर को, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रथम महिला जिल बाइडेन दीवाली मनाने के लिए व्हाइट हाउस में भारतीय-अमेरिकियों की मेजबानी करेंगे। 26 अक्टूबर को, विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन राजनयिक समुदाय के लिए विदेश विभाग में एक और दिवाली पार्टी की मेजबानी करेंगे। यूएस कैपिटल में भी दिवाली मनाई जा रही है, जिसमें हमेशा की तरह जाने-माने सांसद शामिल हो रहे हैं। शुक्रवार को, फ्लोरिडा में मार-ए-लागो में अपने आवास पर दिवाली मनाने के लिए रिपब्लिकन हिंदू गठबंधन के लगभग 200 भारतीय-अमेरिकी सदस्य ट्रम्प के साथ शामिल होंगे।

## मनसुख मंडाविया ने कहा- भारत जल्द बनेगा मेडिकल टूरिज्म का ग्लोबल हब

(आधुनिक समाचार सेवा)
अहमदनगर। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने अहमदनगर में एक कार्यक्रम में कई स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन



किया। परियोजनाओं में अहमदनगर में तीन प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र शामिल हैं जिनका वर्चुअली उद्घाटन किया गया था। इनमें डा. विखे पाटिल कैंसर केंद्र और डा. विखे पाटिल परमाणु चिकित्सा केंद्र शामिल है। इस दौरान मांडविया ने कहा कि, स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में निवेश के जरिए भारत स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ रहा है। कार्यक्रम में बोलते हुए, डा. मनसुख मंडाविया ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा है। सरकार ने स्वास्थ्य को विकास से जोड़ा है, क्योंकि केवल एक स्वस्थ नागरिक ही राष्ट्रीय विकास में योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि, कल्याण और उपचार पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। हमें सबसे पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे लोग बीमार न पड़ें। यही कारण है कि हमारी सरकार स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। देश में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर मंत्री मंडाविया ने कहा कि सरकार न केवल अधिक चिकित्सा सुविधाओं का निर्माण कर रही है बल्कि मेडिकल कॉलेजों की संख्या और एमबीबीएस सीटों की संख्या भी बढ़ा रही है। उन्होंने कहा, जब तक युवा मेडिकल कॉलेजों से सनतक होंगे, तब तक देश एक मेडिकल टूरिज्म हब में बदल चुका होगा। यहां दुनिया भर के मरीजों को इलाज मुहैया कराएगा। वहीं, देश की रिसर्च नीति पर बोलते हुए डा. मंडाविया ने कहा कि दुनिया भर में हर 10 वैज्ञानिकों और शोध विद्वानों में से लगभग 3 भारतीय हैं। सरकार की शोध नीति प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहित करती है और उनका समर्थन करती है। भारत का लक्ष्य नवाचार और अनुसंधान में अग्रणी बनना है।

## चक्रवात को लेकर आईएमडी का अलर्ट इन राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** देश में एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिल सकती है। भारत के अधिकांश हिस्से में मानसून की वापसी हो




चुकी है और ठंड की आहट है। पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी शुरू हो गई है। इसका प्रभाव मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। सुबह-शाम ठंड का एहसास होने लगा है हालांकि, मौसम विभाग ने पुर्वानुमान जताया है कि दिवाली तक देश के कई राज्यों में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आज यानी 21 अक्टूबर 2022 को दक्षिण भारत के तमिलनाडु, केरल में भारी से अतिभारी बारिश की चेतावनी जारी किया है। आईएमडी ने 8 राज्यों में येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अगले कुछ दिनों में मौसम का मिजाज बिगड़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, 21 अक्टूबर को महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई हिस्सों में बारिश हो सकती है। कुछ राज्यों में भारी से अतिभारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने राज्य के कई इलाकों में बारिश तो, ऊंची चोटियों पर बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है। छ्ड्ड के मुताबिक हिमालय पर आ रहे पश्चिमी विक्षोभ का असर अगले सप्ताह से गंगा के मैदानी क्षेत्र में दिखाई देने की संभावना है। इस बीच बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहा कम दबाव का क्षेत्र सप्ताहांत तक चक्रवात में बदल सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पूर्व-मध्य भाग के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है ओडिशा सरकार ने 23 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। साथ ही राज्य ने अपने तटीय जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। वहीं, अरब सागर में भी कर्नाटक और कोंकण तट के पास निचले क्षोभमंडल में एक नया चक्रवाती दबाव केंद्र बनता दिख रहा है। इसके साथ पश्चिमी विक्षोभ की स्थिति बन रही है। इसके कारण देश के कई राज्यों में अगले सप्ताह में बारिश की संभावना है। लगातार बदल रही मौसमी परिस्थितियों के बीच दिल्ली में दिन के समय गर्मी, जबकि रात में ठंड का अहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में दिन का तापमान भी गिरने लगेगा। गुरुवार की सुबह फिर से हल्की धुंध देखने को मिली। इससे आंशिक स्तर पर दृश्यता भी प्रभावित हुई। बाद में सूरज निकलने और धूप खिलने से मौसम साफ हो गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले सप्ताह तक आसमान साफ रहेगा। अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमशः 32 और 16 से 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज हो सकता है। हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात व कुछ क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई गई है। गुरुवार को वर्षा-हिमपात के कारण मौसम ठंडा हो गया है।

# डेंगू मरीज को मुसम्मी का जूस चढ़ाने का मामला



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** स्वास्थ्य विभाग ने ग्लोबल हॉस्पिटल को किया सील मरीज के इलाज में लापरवाही को लेकर कार्रवाई, सीएमओ के नेतृत्व में हॉस्पिटल को किया सील तीन दिन पहले भर्ती डेंगू मरीज की हुई है मौत।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी स्टेनोग्राफर हेतु 15 नवम्बर तक करें आवेदन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनुपम दूबे ने बताया कि जनपद प्रतापगढ़ में स्थायी लोक अदालत में स्टेनोग्राफर/आशुलिपिक के 01 पद हेतु अभ्यार्थी 15 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय से सेवानिवृत्त ऐसे शासकीय सेवक जिनकी आयु आवेदन की अन्तिम तिथि को 65 वर्ष से कम हो वह निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के कार्यालय में दिनांक 15 नवम्बर 2022 तक सायं 5 बजे तक प्राप्त करा दें। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नही किया जायेगा। पदधारकों को अधिकतम दो वर्ष के लिये अनुबन्ध पर नियुक्ति प्रदान की जायेगी। अधिक जानकारी के लिये जनपद न्यायालय की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

# जिला कारागार में बंदियों को दी गई विधिक जानकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देश एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं अनुपम दुबे सिविल जज सी डि / सचिव ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला कारागार में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । जेल में निरुद्ध बंदियों को विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट /जेल विजिटर ने बंदियों के विधिक अधिकारों एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्ली बार्गेनिंग के सम्बन्ध में जागरुक किया गया । जेल में निरुद्ध ऐसे बंदियों को जिनके मुकदमे की पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं हैं या जो बंदी आर्थिक कठिनाई के कारण अपने मुकदमों की पैरवी नहीं करवा पा रहे हैं ऐसे बंदियों को ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता दिलाये जाने तथा बंदियों की जेल अपील के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी देते हुए जागरूक किया गया । इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता रूप नारायण सरोज ने बंदियों को उनके संविधानिक अधिकारों की जानकारी देते हुए उन्हे जागरुक किया । इस अवसर पर जेल में चयनित पी एल वी को बताया व समझाया गया कि जिन बन्दियों को अपने मुकदमें की पैरवी हेतु निःशुल्क पैनल अधिवक्ता की आवश्यकता है उनके आवेदन पत्र लिखित रूप में प्राप्त करके उनके आवेदन पत्र रजिस्टर में अंकित करके जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराये जिससे बन्दियों को उनके मुकदमें की पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा सके।इस अवसर पर जेलर राजेश कुमार पाण्डेय , उप जेलर अफताब अंसारी , उप जेलर सुनील कुमार द्विवेदी , सहित जेल में चयनित पी एल वी उपस्थित रहे ।

# किसान रोगों के रोकथाम हेतु चूहा एवं छछुन्दर पर करें प्रभावी नियंत्रण-जिला कृषि रक्षा अधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी डा0 अश्विनी कुमार सिंह ने किसान भाईयों से कहा कि जे0ई0/ए0ई0एस0 रोगों के प्रसार के लिये अन्य कारकों के साथ-साथ चूहा/छछुन्दर भी उत्तरदायी है इसलिये रोगों के रोकथाम के लिये चूहा एवं छछुन्दर पर प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है। उन्होंने बताया कि चूहे मुख्य रूप से 02 प्रकार के होते है घरेलू एवं खेत के चूहे, घरेलू चूहा घर में पाया जाता है जिसे चुहिया या मूषक कहा जाता है। खेत के चूहों में फील्ड रैट, साफ्ट रैट एवं फील्ड माउस प्रमुख है। उन्होने नियंत्रण के सम्बन्ध में बताया है कि चूहों की संख्या को नियंत्रित करने के लिये अन्न भण्डारण पक्का, कंकरीट तथा धातु से बने पात्रों में करना चाहिये ताकि भोज्य पदार्थ उन्हें आसानी से उपलब्ध न हो सके। घरों में खिड़कियों एवं रोशनदान पर जाली लगाकर एवं दरवाजों के नीचे खाली जगह पर टायर की पट्टी अथवा सीमेन्टेट चौखट बनाकर चूहों को नियंत्रित किया जा सकता है। चूहों के प्राकृतिक शत्रुओं बिल्ली, साँप, उल्लू, लोमड़ी, चमगादड़ आदि द्वारा चूहों को भोजन के रूप में प्रयोग किया जाता है इनको संरक्षण देने से चूहों की संख्या नियंत्रित हो सकती है। चूहे दानी का प्रयोग करके उसमें आकर्षक चारा जैसे रोटी, डबलरोटी, बिस्कुट आदि रखकर चूहों को फसाकर मार देने से इनकी संख्या नियंत्रित की जा सकती है। घरों में ब्रोमोडियोलॉन 0.005 प्रतिशत के बने चारे के 10 ग्राम मात्रा प्रत्येक जिन्दा बिल में रखने से चूहे खाकर मर जाते है। एल्युमिनियम फास्फाइड दवा की 3-4 ग्राम मात्रा प्रति जिन्दा बिल में डालकर बिल बंद कर देने से उससे निकलने वाली गैस फास्फीन गैस से चूहे मर जाते है। घर के बाहर कैक्टस व झाड़ीदार पौधें लगाने से चूहे घर में प्रवेश नही करते है तथा मच्छरों की रोकथाम के लिये मच्छर रोधी पौधे जैसे तुलसी, गेंदा, पिपरमेन्ट, लेमनग्रास,जंगली तुलसी लगायें।

# सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की स्मृति में शांति पाठ


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक रहे स्व. मुलायम सिंह



यादव की स्मृति में प्रयागराज में शुक्रवार को शांति पाठ, हवन और सहभोज का आयोजन किया गया। शहर के त्रिवेणी बांध स्थित लेटे हनुमान मंदिर के निकट आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के नेतागण, पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुटे। इस दौरान उनकी स्मृति ताजा की गई। सपा प्रदेश सचिव बोले- मुलायम सिंह यादव ने हमेशा सभी वर्गों के हित को किया कार्य : समाजवादी पार्टी निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह भी शांति पाठ व हवन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने हमेशा सभी वर्गों के हित के लिए कार्य किया। जनता की लड़ाई लड़ने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। उनकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं था।

# गलत प्लेटलेट्स चढ़ाने से ठेकेदार डेंगू मरीज की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** जिले में डेंगू के मरीज बढ़ने के साथ ही अब प्लेटलेट्स के नाम पर काली कमाई का भी मामला सामने आने लगा। सोहबतियाबाग निवासी सौरभ त्रिपाठी ने आरोप लगाया है कि उसके बमरौली निवासी बालू ठेकेदार जीजा की मौत बमरौली के एक निजी अस्पताल में गलत प्लेटलेट्स चढ़ाने से हुई है सौरभ का कहना है कि अस्पताल प्रशासन से लोगों ने प्लेटलेट्स दिलाने का दावा किया।आरोप है कि प्रदीप के परिजनों से पांच हजार रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से प्लेटलेट्स दी। तीन यूनिट चढ़ने के बाद प्रदीप की हालत बहुत खराब हुई तो परिवार वाले जार्जटाउन के एक अस्पताल में लाए, जहां जांच के बाद मालूम चला कि प्रदीप की नसें फट गई और खून जम गया है। यही प्रदीप उठाया है। जिनसे पूछताछ चल रही है। निजी अस्पताल में नकली प्लेटलेट्स चढ़ाने का मामला सामने आया है। अगर ऐसा है तो प्रकरण गंभीर है। पुलिस की टीम को निर्देश दिया है कि प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। संजय कुमार खत्री, जिलाधिकारी इस फर्जीवाड़े के खुलासे के लिए पुलिस टीम लगी है। दो संदिग्ध पकड़े गए हैं। उनसे




उसने जार्जटाउन थाने में भी शिकायत की, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। सौरभ का कहना है कि उसकी बहन की शादी तीन साल पहले बमरौली निवासी प्रदीप पांडेय के साथ हुई। कुछ दिन पहले प्रदीप की तबीयत बिगड़ी तो उसे बमरौली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसे प्लेटलेट्स की जरूरत बताई गई। प्लेटलेट्स नौ हजार पहुंचने पर की मौत हो गई। प्रदीप की तीन महीने की बेटी कावेरी भी डेंगू से पीडित होने के कारण सिविल लाइंस के एक अस्पताल में भर्ती है। प्रदीप की पतने के भाई सौरभ का दावा है कि एक यूनिट प्लेटलेट्स उनके पास है, जो एकदम पतली है, जिसकी वो जांच कराएंगे। जो प्लेटलेट्स दी गई है, उस पर पर्ची एसआरएन अस्पताल की है। इस आरोप पर पुलिस ने दो लोगों को पूछताछ चल रही है ।कोई भी इस प्रकरण में कोई भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शैलेश कुमार पांडेय, एसएसपी ङ्ये प्लेटलेट्स हमारे कॉलेज की नहीं हैं। हमारे यहां कॉलेज का लोगो लगा है। कोई व्यक्ति बाहर क्या करता है इसके लिए क्या कहा जाए। वो जांच कराएं हमारा पूरा सहयोग होगा। ये किसी ने उन्हें गलत तरीके से दिया है।

# प्रयागराज : आर.एस.एस की कार्यकारी मंडल की बैठक में कार्यकर्ता डेंगू से हुए संक्रमित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** संगम नगरी में डेंगू के आतंक का अंदाज़ा इसी बात से अंदाज़ा लग जाता है की राष्ट्रीय 16 से 19 अक्टूबर तक आयोजित हुई थी। जबकी संघ प्रमुख मोहन भागवत समेत अन्य 22 अक्टूबर तक यहीं रहेंगे। आज मुख्यमंत्री ही शुरू हो गया था। लेकिन कार्यक्रम के दौरान ही डेंगू की पुष्टि होने पर जिला प्रशासन और स्वास्थ विभाग में हड़कंप मच गया । तुरंत ही एंटिलार्वी



स्वयं सेवक की चार दिवसीय कार्यकारी मंडल की बैठक में आए हुए तीन कार्यकर्ता बीमारी के शिकार हो गए । तीनों को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आर.एस.एस की बैठक घूरपुर में योगी आदित्यनाथ संघ प्रमुख से मिलने आ रहे हैं। बैठक में शामिल होने के लिए देश और विदेश से 400 से अधिक लोग आए हुए थे। पदाधिकारी और कार्यकर्ता के आने का सिलसिला 16 अक्टूबर से पहले का छिड़काव और फ़ॉगिंग किया गया। जो अभी भी जारी है । डॉ. एसपी सिंह के अनुसार आरएसएस की बैठक स आए हुए तीन लोगों में डेंगू व लक्षण मिले । लेकिन लगातार इलाज से उनका स्वास्थ सुधरता जा रहा है।

# डिप्टी सीएम केशव ने कुवैत में डंका बजाने वाली एथलीट सुनीता को किया सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** कौशांबी जनपद की रहने वाली गरीब परिवार की बेटी ही जनपद का भी नाम रोशन किया है। गुरुवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ आवास पर भेंट कर उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। डिप्टी सीएम ने कहा कि सुनीता ने



सुनीता देवी ने कुवैत में आयोजित यूथ एशिया एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर देश और प्रदेश के साथ सिल्वर मेडलिस्ट सुनीता देवी पर सम्मानित किया है। सुनीता का तथागत गौतम बुद्ध, महारानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा एवं प्रोत्साहन राशि जनपद और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है साथ ही वह खिलाडियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी है। ऐसी खेल प्रतिभाओं को उभारना ही होगा।

# बाहुबली अतीक अहमद ने की सीएम योगी की तारीफ़, कहा -बहादुर, ईमानदार और मेहनती आदमी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ ।** गुजरात के साबरमती जेल में बंद बाहुबली अतीक अहमद की आज लखनऊ कोर्ट में बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड मामले में पेश किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद अतीक अहमद ने चिल्लाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की। उसने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहादुर और ईमानदार हैं। अतीक अहमद के इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अतीक अहमद पर आरोप तय किए जाएंगे।



# दो बालिगों के निजी रिश्तों में बाहरी का हस्तक्षेप सही नहीं : हाईकोर्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा कि दो वयस्कों के निजी जीवन में बाहरी लोगों का हस्तक्षेप उचित नहीं है। यह उनका निजी मामला है। इसी के साथ कोर्ट ने बागपत के दो याचियों को साथ रहने का आदेश दिया। साथ ही रजिस्ट्रार से कहा कि याची की ओर से जमा कराए गए 40 हजार रुपये उसे वापस कर दिए जाएं। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने संदीप कुमार व अन्य की ओर से दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याची ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल कर अपनी पत्नी को उसके घरवालों से मुक्त कराकर उसे वापस दिलाने की मांग की थी। कोर्ट ने विपक्षियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। इसके बाद विपक्षियों की ओर से दिल्ली के गोकुल थाने में रेप सहित पॉक्सो की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज करा दी गई। जबकि पत्नी ने कोर्ट के समक्ष बयान में पति के साथ रहने की इच्छा जताई।

# सीएम योगी ने भागवत से की मुलाकात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक डा. मोहन भागवत से मिलने के लिए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गुरुवार दोपहर प्रयागराज में गौहनिया पहुंचे। वह लगभग सवा घंटे तक संघ विचार परिवार के साथ रहे। अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में शामिल होने आए सरसंघ चालक मोहन भागवत से मुख्यमंत्री दोपहर गौहनिया पहुंचे। फिर 01.55 बजे लखनऊ रवाना हो गए। सीएम के हेलीकाप्टर की लैंडिंग वात्सल्य परिसर स्थित हेलीपैड पर हुई। हेलीपैड से वह कार में संघ प्रमुख के शिविर में पहुंचे। मुख्यमंत्री पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत से भेंट किया फिर उनके साथ ही संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा भी की गई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने संघ प्रमुख मोहन भागवत के साथ भोजन भी किया। संघ प्रमुख भागवत संगम नगरी में 12 अक्टूबर से ही प्रवास कर रहे हैं।




# नगर पालिका परिषद बेल्हा एवं नगर पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन 31अक्टूबर को

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) डा0 नितिन बंसल ने जनपद प्रतापगढ़ में अवस्थित 01 नगर पालिका परिषद बेल्हा तथा 18 नगर पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय सारिणी जारी कर दी है।इसका प्रकाशन दिनांक 31 अक्टूबर को किया जायेगा। ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण तथा दावे एवं आपत्तियॉ दिनांक 01 नवम्बर से 07 नवम्बर तक प्राप्त की जायेगी। दावे और आपत्तियों का निस्तारण दिनांक 08 नवम्बर से 12 नवम्बर तक किया जायेगा। दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की पाण्डुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने की कार्यवाही दिनांक 14 नवम्बर से 17 नवम्बर तक की जायेगी। अन्तिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिये प्रकाशन 18 नवम्बर 2022 को किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि मतदाता अपना नाम सम्मिलित किये जाने हेतु दिनांक 01 नवम्बर से 04 नवम्बर तक की अवधि में आयोग की वेबसाइट पर भी आनलाइन आवेदन कर सकते है। निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेगें तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यवाही पूर्ण करायी जायेगी।



# इस दिवाली रेल में सफर के दौरान क्षेत्र विशेष की मिठाई मिलेगी आपकी सीट पर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** रेलवे अभी तक अपने यात्रियों को समय से भोजन और नाश?ते की चिंता करता रहा है। सफर के दौरान रास्ते में पड़ने वाले क्षेत्र विशेष की चर्चित मिठाइयां आपकी सीट पर उपलब्ध होंगी। मसलन आप दिल्ली से हावड़ा जा रेस्टोरेंट से मिठाई को चुनना होगा। उसके बाद आर्डर बुक करने के दौरान आपको अपना पीएनआर नंबर देना पड़ेगा। नंबर देने के बाद आप




मगर, पहली बार रेलवे अपने यात्रियों के त्योहार को भी लजीज बनाने की तैयारी कर रहा है। रेलवे की सेवा आइआरसीटीसी की ओर से नियमित यात्रियों को मेल कर दीवाली को और लजीज बनाने के लिए यात्रियों को जानकारी साझा की गई है। रेलवे की ओर से बताया गया है कि इस दीवाली को आप और भी शानदार अपने सफर के दौरान बना सकते हैं। रेलवे की ओर से बताया गया है कि अगर आप ट्रेन में सफर कर रहे हों तो रहे हों और रास्ते में बनारस का लाल पेड़ा लेकर जाने का मन हो और ट्रेन में सफर की बाध्यता आपके जायके का मन मार रही हो तो चिंता करने की जरूरत नहीं है। अब आप रेलवे के पैनल में शामिल दुकानों से अपने पसंद की मिठाई अपनी सीट पर प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए रेलवे की ओर से यात्रियों को सामान्य प्रक्रिया से अवगत भी कराया गया है। इसके लिए जाकर यात्रियों को संबंधित क्षेत्र के पैनल में शामिल होटल या आर्डर बुक करेंगे तो आपकी सीट पर आपकी मनपसंद मिठाई संबंधित स्टेशन पर पहुंचते ही हाजिर हो जाएगी। इसके लिए आपको रेलवे की सामान्य प्रक्रिया जो मील आर्डर करने की थी वही अपनानी है। अमूमन मिठाई आर्डर आप पहले भी कर सकते थे मगर इस बार दीवाली में भारतीय रेलवे ने मील के अतिरिक्त मिठाई भी आर्डर कर दीवाली सेलिब्रेट करने की अपील यात्रों के दौरान यात्रियों से की है।

# डीडीओ ने मेंकी शौचालयों की जांच, दो-तीन दिनों में प्रक्रिया पूरी करने के दिए निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गाजीपुर ।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी राजेश यादव ने शेरपुर ग्राम पंचायत में शौचालयों के संबंध में की गई शिकायत की स्थलीय जांच की। ग्राम पंचायत बड़ी होने के कारण शौचालयों की



संख्या अधिक होने के दृष्टिगत जिला विकास अधिकारी ने शेरपुर व सेमरा के शौचालयों के स्थलीय निरीक्षण के लिए खंड विकास अधिकारी रामकृपाल यादव, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता कन्हैयालाल मौर्य व सहायक विकास अधिकारी आइएसबी राजकुमार यादव के साथ विकास खंड में तैनात सचिवों को जांच कार्य में लगाते हुए दो-तीन दिनों के अंदर जांच प्रक्रिया पूरी कर लेने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत शेरपुर के अंतर्गत शेरपुर कला, शेरपुर खुर्द, सेमरा, धर्मपुरा सहित कई राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं। राजस्व ग्राम सेमरा निवासी उमेश राय व मनोज राय ने ग्राम पंचायत शेरपुर में 2258 शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण किए बिना 2 करोड़ 70 लाख से अधिक धनराशि आहरित कर लेने का आरोप लगाया था। वर्ष 2020-21 में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रभात कुमार ने जांच रिपोर्ट दी। जांच रिपोर्ट पर आपत्ति करते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जय प्रकाश राय ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर पुनः जांच की यह कहते हुए मांग की थी कि जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ने स्थलीय जांच किए बिना ही रिपोर्ट प्रेषित कर दी है। उनके प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने अंतिम जांच के लिए जिला विकास अधिकारी राजेश यादव को जांच अधिकारी के रूप में नामित किया। शिकायतकर्ता मनोज राय, ओम प्रकाश राय, ग्राम पंचायत सचिव सूर्यभान राय तथा पूर्व सचिव रजनीकांत पांडेय, सोमनाथ शुक्ल, पिंटू कुमार, सरोज, अजीत गौतम, चंद्रिका प्रसाद आदि रहे।

# वाराणसी के एपेक्स अस्पताल में मरीज की मौत होने पर हंगामा, मारपीट और तोड़फोड़ के बाद पहुंची पुलिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** भिखारीपुर स्थित एपेक्स हॉस्पिटल में बीती रात एक मरीज की मौत होने के बाद आक्रोशित स्वजनों ने डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ के साथ जमकर जांच कर इस मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल प्रबंधन की अनुपमा सिंह के अनुसार सात अक्टूबर को बड़ागांव थाना के प्रतापपट्टी गांव के सौरभ चंद्र मिश्रा को बेहोशी की हालत में किया गया। इसी बीच मरीज के परिजन 17-18 की संख्या में सीसीयू में घुस आए और सभी ने डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ के साथ मारपीट और तोड़फोड़ शुरू कर दी। आरोप है कि वहां मौजूद



मारपीट और तोड़फोड़ की। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में क्रिटिकल केयर यूनिट में मारपीट के समय वेंटिलेटर पर भर्ती अन्य मरीजों को भी काफी समस्या हुई। अस्पताल प्रबंधन की ओर से अनुपमा सिंह ने घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज और तहरीर चितईपुर थाने की पुलिस को सौंप कर सात नामजद और दस अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी किडनी और हृदय ठीक से काम नहीं कर रहा था। दस अक्टूबर को मरीज के परिवार वाले डिस्चार्ज करा कर ले गए लेकिन उसी शाम फिर मरीज को लेकर आ गए। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी स्थिति ठीक नहीं है लेकिन परिवार वालों की सहमति के आधार पर फिर मरीज को सीसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। गुरुवार की देर रात मरीज की हालत फिर नाजुक हुई तो सीपीआर शुरू नर्सों के साथ छेड़खानी और कपड़े फाड़ दिए। मारपीट के बाद मरीज का शव लेकर जबरदस्ती चल दिए और सिक्योरिटी गार्ड के रोकने पर उसे पिस्टल सटा कर जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने लगाया महिला कर्मचारियों संग छेड़खानी का आरोप भी संबंधित तीमारदारों और उनके समर्थकों पर लगाया है। पुलिस के अनुसार जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हादसा रोकने को दिखाई जाएगी लाल झंडी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गाजीपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पिछले दिनों हुए भीषण हादसे में बिहार के चार युवकों की मौत से सबक लेते हुए यूपीडा प्रशासन ने हादसा रोकने को विशेष खाका तैयार किया है। एक्सप्रेसवे पर यूपीडा की 16 सुरक्षा टीम के साथ हुए एक्सप्रेसवे पर वाहनों की संख्या बढ़ने की संभावना है। इसके मद्देनजर हादसा रोकने को यूपीडा ने अपनी सुरक्षा टीम के साथ ही कार्यदायी संस्था की सेफ्टी टीम को भी लगाया है। यूपीडा की 22 किमी पर एक पेट्रोलिंग टीम तैनात की गई है।




ही कार्यदायी संस्था की 16 सेफ्टी टीम लगाई गई है। हादसा होने पर 12 मिनट के अंदर सुरक्षा टीम व एंबुलेंस को पहुंचने की व्यवस्था की गई है। तेज स्पीड वाले चालकों को रूट डायवर्जन वाले स्थानों पर लाल झंडी दिखाकर आगाह किया जाएगा। साथ ही स्पीड कम न करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की भी तैयारी है। पिछले दिनों पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे के बाद यूपीडा के अधिकारी चिंतित हैं। दीपावली व छठ पर्व को देखते इसमें इनोवा में एक सुरक्षा अधिकारी व चार भूतपूर्व सैनिक तैनात हैं। 112 डायल पुलिस की गाड़ी के अलावा कार्यदायी संस्था की काऊ कैचर में चालक, दो हेल्पर व एक सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। इसके अलावा एक एंबुलेंस भी मुस्तैद रहती है। यूपीडा ने स्पष्ट आदेश दिया है कि डायवर्जन वाले स्थानों पर तेज रफ्तार गाड़ी चलाने वालों को लाल झंडी दिखाकर सतर्क किया जाए। ताकि हादसा न हो।

# वाराणसी में मां अन्नपूर्णा को 151 कुंतल व्यंजनों से लगेगा भोग, 80 कारिगरों से तैयार हो रहा है अन्नकूट प्रसाद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** स्वर्णमयी माता अन्नपूर्णा दर्शन 23 अक्टूबर से पट खुल जायेगा जो 26 तक दर्शन चलेगा। स्वर्णमयी अन्नपूर्णा चार दिवसीय दर्शन रविवार से शुरू हो रहा है। इस है। लगभग 80 कारीगर लगे हैं मुख्य कारीगर ने बताया कि तीसरी पीढ़ी से कार्य करती आ रही है। जिसमे 30 महिला व अन्य पुरुष है । कच्चा पक्का मिला कर 151 कुंतल होगा आस पास जिलों से भी कारिगरों को



मौके पर पूरे मंदिर परिसर को रंग विरंगे झालरों से सजावट की गई है। धनतेरस के एक दिन पूर्व रात्रि में पूरे मंदिर को सुगंधित फूलों से सजा दिया जाएगा। माता दरबार मे 151 कुंतल से भोग लगेगा। प्रसाद बनाने का कार्य दशहरा स्थापना पूजन से अनन्पूर्णा दरबार मे प्रसाद बनाने का कार्य शुरू होता बुलाया जाता है। इसमे कुछ कारीगर तो पिछले 15 साल से आ रहे है। खास में सुरन का भी लड्डू तैयार किया जा रहा है इसके साथ 40 तरह का मीठा व 16 तरह की नमकीन होगा। इस बार मिठाई से बना शिवलिंग भी भक्तो को अन्नकूट झांकी दर्शन में दिखेगा। कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी उदया तिथि में 23 अक्टूबर को मिल रही है। ऐसे में वार्षिक परंपरानुसार स्वर्ण अनन्पूर्णेश्वरी के पट 23 अक्टूबर को खुलेंगे और अन्न-धन का खजाना बंटेगा। इस बार अमावस्या तिथि की वृद्धि व दूसरे दिन 25 अक्टूबर को सूर्यग्रहण लगने से मंदिर के पट दोपहर दो बजे से शाम 7.30 बजे तक बंद रहेंगे। अन्नकूट की झांकी 26 अक्टूबर को सजेगी। मइया के भंडारे में भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे। रात 11 बजे महाआरती होगी और पट साल भर के लिए बंद हो जाएंगे। महंत शंकर पुरी ने बताया कि 23 की भोर अभिजीत मुहूर्त में चार बजे पूजा-आरती के बाद मां के खजाने का पूजन-अर्चन कर दर्शन के लिए पट खोले जाएंगे। नित्य रात 11 बजे तक दर्शन मिलेगा। दोपहर 12 बजे भोग आरती के लिए आधे घंटे विश्राम होगा। अबकी धनतेरस पर चांदी का खजाना भी वितरित होगा। बांसफाटक से गेट नंबर एक ढुंढिराज होते मुख्य द्वार से अन्नपूर्णा मंदिर में प्रवेश मिलेगा और निकास व्यवस्था राम मंदिर से होगी।

# चंदौली में मनरेगा का भुगतान और जियो टैगिंग कराएंगे ग्राम प्रधान व सचिव पंचायत भवन से होंगे सभी कार्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चंदौली ।** ग्राम पंचायतों के लिए अच्छी खबर है। मनरेगा योजना के कार्यो की जियो टैगिंग व भुगतान कराने का अधिकार अब उन्हें दे का निर्देश दिए गए हैं। दरअसल , शासन ने मनरेगा के तहत होने वाले क्रियाकलापों और व्यवस्थाओं में बदलाव किया है। इसके तहत गांवों में कराए जाने वाले विकास




दिया गया है। कार्य कराने के लिए मस्टररोल समेत योजना से जुड़े सभी कार्य ग्राम पंचायत भवन से ही संपादित कराए जाएंगे। ये कार्य ग्राम प्रधान व सचिव कराएंगे। योजना के क्रियान्वयन, कार्यों की गुणवत्ता आदि की निगरानी अधिकारी करेंगे। अभी तक यह व्यवस्था विकास खंड स्तर से संपादित की जाती रही। शासन ने इसके लिए गाइडलाइन जारी कर दी है। साथ ही सभी उपायुक्त मनरेगा को इसका पालन कराने कार्यों की एमआइएस (मैनेजमेंट इंफार्मेशन सिस्टम) पर वर्क आइडी बनाने का जिम्मा ग्राम पंचायतों को सौंपा गया है। इससे ब्लाक मुख्यालय पर निर्भरता कम होगी और मनरेगा के कार्यों में तेजी आएगी। मनरेगा से फील्ड स्तर पर क्रियान्वयन के अंतर्गत कार्य की वर्क आइडी निर्गत करने, श्रम व सामग्री के भुगतान संबंधित पूरी प्रक्रिया ब्लाक पर होती है। ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारियों की निर्भरता और उपस्थिति ब्लाक स्तर पर होने से ग्राम पंचायत के कार्य प्रभावित होते है। काम प्रभावित न हो सके, इसके लिए ग्राम पंचायत की समस्याओं के निराकरण क्रम में मनरेगा योजना के एमआइएस पर विभिन्न तरह के कार्य ग्राम पंचायत स्तर से कराए जाएंगे। ग्राम पंचायतों की अलग से इसके लिए लागिन आइडी बनाई जाएगी। कार्यस्थल पर कार्य करने वाले श्रमिकों की उपस्थिति आनलाइन दर्ज होगी। इसके साथ ही मजदूरी का भुगतान भी बीसी सखियों के जरिए कराया जाएगा। विभाग के अनुसार, मस्टर रोल फीडिंग के लिए मोबाइल डिवाइस रजिस्टर्ड करते हुए नेशनल मानीटरिंग सिस्टम का प्रयोग रोजगार सेवक करेंगे। 20 से अधिक श्रमिक वाले कार्यस्थल पर श्रमिकों की उपस्थिति ली जाएगी। इस संबंध में संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस बदलाव से ग्राम पंचायतों को मदद मिलेगी और श्रमिकों को भी रोजगार प्राप्त करने में आसानी होगी। श्रमिकों से कार्य के लिए प्राप्त मांग पत्र को एमआइएस पर अंकित कर स्वीकृत कार्ययोजना में से वर्क आइडी जनरेट होगी।

सीधे प्रवेश

100% Placement

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

15% Fee Concession

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
- डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
- फायर सेफ्टी — सीसीए
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
- सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
- इलेक्टिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने वाराणसी में कहा- ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत की लो रैंकिंग पूरी तरह से साजिश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने गुरुवार को सर्किट



हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जिस तरह से सरकार आम लोगों की सुख सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के साथ ही अलग-अलग योजनाएं चला रही है। उससे वर्ष 2035 तक भारत विश्व गुरु बनने के लिए तैयार है। इसके बाद भी इस तरह की रैंकिंग देख बहुत आश्चर्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में 121 देशों के 2022 के ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत की 107वीं रैंकिंग पर सवाल उठाते हुए इसे बड़ी साजिश बताया। रवि किशन ने कहा कि सबको पता है कि वर्ष 2035 तक भारत विश्व गुरु बनने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अनगिनत अनाज इस सरकार में बट रहा है, रामराज्य के दौर से हम लोग गुजर रहे हैं। इसके बावजूद ऐसी रैंकिंग देख मैं स्वयं अचंभित रह जाता हूं। भारत की लो रैंकिंग पूरी तरह से साजिश है कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर मल्लिकार्जुन खड़गे के चुने जाने के सवाल पर रवि किशन ने कहा कि 22 साल बाद कांग्रेस को अध्यक्ष मिलना बहुत अच्छी बात है। इसके लिए खड़गे बधाई के पात्र हैं। यह भी जानना होगा कि खड़गे केवल एक पोस्टर है, रिमोट कंट्रोल तो 10 जनपथ है। केवल चेहरा ही बदला है, सारा ऑपरेशन गांधी परिवार से हो रहा है। पाकिस्तान का साथ देने के चीन के कदम पर रवि किशन ने कहा कि किसी का साथ कोई दे दे लेकिन यह जानना होगा कि भारत अब विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। अब हम स्वदेशी हेलिकॉप्टर भी बना रहे हैं। कश्मीर में टारगेट कीलिंग पर रवि किशन ने कहा कि पिछली सरकारों में रहने वालों ने यहां एक ही विचारधारा के लोगों के रहने की जो पद्धति शुरू की थी, अब उसमें बदलाव है।

# आलिंगनबद्ध हो अपने ऊपर पेट्रोल डाल आत्मदाह कर लिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** चुनार कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में एक प्रेमी अपनी प्रेमिका के ससुराल पहुंचा और दोनों ने आलिंगनबद्ध हो अपने ऊपर पेट्रोल डाल आत्मदाह कर लिया। इसमें प्रेमिका की मौत हो गई और प्रेमी जिन्दगी और मौत के बीच जूझ रहा है। चुनार क्षेत्र के एक गांव में जौनपुर निवासी युवती (19) की शादी बीती 14 जून को हुई थी। मंगलवार को विवाहिता ससुराल आई थी। बुधवार की शाम को वह घर पर अकेली थी। परिजन खेत में काम करने गए थे। इसी दौरान मिर्जामुराद निवासी उसका प्रेमी साथ में पेट्रोल का जरकिन लेकर उसके घर पहुंच गया। घर का दरवाजा अंदर से बंद कर प्रेमिका के साथ खुद पर पेट्रोल डालकर दोनों ने आग लगा ली। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी पहुंचे और परिजनों व पुलिस को सूचना दी। परिजन एवं पुलिस ने दोनों को झुलसी हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां से दोनों को देर रात्रि वाराणसी रेफर कर दिया। उपचार के दौरान प्रेमिका ने कबीरचौरा अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं प्रेमी का बीएचयू के बर्न वार्ड में इलाज चल रहा है। पूरा घटनाक्रम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। क्षेत्राधिकारी चुनार रामानंद राय ने गुरुवार को बताया कि प्रथमदृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का लगता है। परिजन के अनुसार एक वैवाहिक कार्यक्रम में युवक की युवती से मुलाकात हुई थी। शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# जिला अस्पताल में पैसे लेकर फर्जी मेडिकल बनाने वाले दो डाक्टरों कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** राबट्र्सगंज जिला अस्पताल में दो डाक्टरों द्वारा फर्जी मेडिकल बनाने का मामला हुआ उजागर
मुकदमा वादी अश्विनी कुमार त्रिपाठी के थानाध्यक्ष म्योरपुर द्वारा प्राथना पत्र दिया गया कि जिला अस्पताल लोढी मे पैसे लेकर फर्जी मेडिकल रिपोर्ट तैयार किया जारहा है जिसके सम्बन्ध में मु0अ0स0,0623/2020धारा 420,468,471भादवि7/13भ्रष्टाचार अधिनियम बनाम अज्ञात के विरुद्ध थाना स्थानीय पर अभियोग कृत किया गया इस दौरान आरोपी 1, डाक्टर पुर्णन्द शेखर सिंह पुत्र जितेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम गोपालपुर थाना



मुगलसराय जनपद चन्दौली (2) डाक्टर दया शंकर पुत्र गोपी चंद निवासी त्रिवेणी पुरम थाना झूंसी जनपद प्रयागराज एवं अज्ञात पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश अनुसार अपराधिक क्रम में थाना राबट्र्सगंज थाना पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया।

# चोरी करने वाले एक व्यक्ति कि 3.2किग्रा कापर के तार के साथ हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम थाना अनपरा पुलिस द्वारा



जनपद सोनभद्र में चोरी पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व उसमें मुखबिर की सूचना पर दिनांक 19.10.2022 को समय 17.30 बजे सीआईएसएफ गेट के पास से 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 3.2 किग्रा0 कॉपर की तार बरामद किया गया । उपरोक्त बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 187/2022 धारा 379, 411 भादवि का अभियोग पंजीकृत करते हुए अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गयी । **गिरफ्तार अभियुक्त गण का विवरणः-** 1.राजेश कुमार पुत्र वंशमान, निवासी ग्राम खजुरा थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 25 वर्ष । **बरामदगी का विवरणः-** 03 अदद चोरी का कॉपर की तार का टुकड़ा (वजन 3.2 किग्रा0) । **गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीमः-** 1. प्रभारी निरीक्षक भैया शिवप्रसाद सिंह, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र । 2. व0उ0नि0 सन्तोष कुमार सिंह, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र । 3. मुख्य आरक्षी विनोद कुमार, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र । 4. आरक्षी हृदयलाल, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र । 5. आरक्षी राबिन्स तिवारी, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र ।

# एक किग्रा 500ग्रम अवैध गांजे के साथ एक अभियुक्त कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डा0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ बरामदगी व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रायपुर पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त विजय उर्फ फागू पटेल पुत्र रामेश्वर पटेल, ग्राम वैनी, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 25 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 किलो 500 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया । उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रायपुर पर मु0अ0सं0 95/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गयी । **गिरफ्तार अभियुक्त-** 1. विजय उर्फ फागू पटेल पुत्र रामेश्वर पटेल, ग्राम वैनी, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 25 वर्ष । **बरामदगी का विवरण-** 1.एक किलो 500 ग्राम अवैध गांजा । **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-** 1.30 नि0 राजनारायन यादव, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 2. मुख्य आरक्षी बालकृष्ण, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 3.आरक्षी जितेन्द्र सिंह यादव, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र ।

# मिशन शक्ति के तहत दुद्धी में भाऊराव देवरस राजकीय महाविद्यालय में बालिकाओं एवं छात्राओं को किया गया जागरूक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन मे थाना दुद्धी पुलिस की एंटी रोमियो टीम द्वारा मिशन-शक्ति अभियान के तहत भाऊराव देवरस राजकीय हेल्पलाइन नम्बरों एवं नियमों तथा महिलाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अन्य अपराधों पर कानूनी कार्रवाई के सम्बंध में विस्तृत रुप से जानकारी देकर उन्हें जागरुक किया गया । वर्तमान समय मे हो



महाविद्यालय में महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक किया गया तथा उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में वार्ता कर उन्हें महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न रहे विभिन्न तरीकों के साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गयी । साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससें समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके । इसके साथ ही महिलाओं/बालिकाओं को जागरुकता सम्बंधी पम्पलेट भी वितरित किया गया । इस मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु अमित कुमार, प्रभारी निरीक्षक दुद्धी श्रीकान्त राय, म0उ0नि0 सविता सरोज तथा कॉलेज के अध्यापकगण व छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहें । इसके अतिरिक्त जनपदीय पुलिस टीमों द्वारा भी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में आमजनमानस विशेषकर बालिकाओं एवं महिलाओं से सम्पर्क कर उनसे वार्ता की गयी तथा उन्हें विभिन्न सरकारी नम्बरों, कल्याणकारी योजनाओं एवं महिला सम्बंधित मामलों से निपटने हेतु जागरुक किया गया ।

# यातायात एवं शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ इलाका है इस लिए यहां केन्द्रीय विश्वविद्यालय कि स्थापना हो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जनपद में एम्स जैसा संस्थान एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना हो पवन कुमार सिंह एड। सोनभद्र अलग पुर्वांचल राज्य की मांग कर रहे संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा द्वारा सोनभद्र के रावटसगंज तहसील में बैठक कर पृथक पूर्वांचल राज्य व अन्य पिछड़ा हुआ है इसलिए मोर्चा मांग करता है कि यहां पर एम्स जैसा संस्थान एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना हो तथा जनपद सोनभद्र के रावर्टसगंज रेलवे स्टेशन पर उच्च स्तरीय संसाधनों की व्यवस्था किया जाए तथा देश के मुख्य शहरों मुंबई, कोलकाता, चेनन्ई, बेंगलुरु के लिए ट्रेन चलाई जाए प्रदेश अध्यक्ष एक पृथक पूर्वांचल राज्य स्थापना किया जाए जिला अध्यक्ष शिवप्रकाश चौबे ने कहा कि सोनभद्र में संपूर्ण पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई जिसमें सभी जनपदों के पदाधिकारीगण और कार्यकर्ता भाग लेंगे इस अवसर पर विभूतियों को पूर्वांचल एकता सम्मानठ से सम्मानित किया जाएगा संचालन जिला



समस्याओं को हल करने की मांग की ! इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने मांग किया कि सोनभद्र जनपद आदिवासी क्षेत्र होने के साथ-साथ वन एवं पहाड़ो से आच्छादित है तथा बिहार झारखंड छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सीमाओं से जुड़ा हुआ है किंतु आज भी यातायात एवं शिक्षा आदि के क्षेत्र में काफी विमलेश त्रिपाठी ने कहा किआजादी की लड़ाई और उसके बाद देश के विकास में पूर्वांचल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है लेकिन खुद पूर्वांचल हमेशा उपेक्षा का शिकार होता रहा है। यहां के लोगों ने देश के कला-साहित्य और संस्कृति को समृद्ध करने में अभूतपूर्व योगदान दिया है, फिर भी पूर्वांचल और यहां के लोगों की लगातार अनदेखी की गई है। इसलिए पूर्वांचल के 28 जनपदों को मिलाकर महासचिव सत्यम शुक्ला एडवोकेट ने किया!
इस अवसर पर एड वी पी सिंह, एड पवन कुमार द्विवेदी, काकू सिंह, संदीप जायसवाल, अशोक कुमार कनौजिया एडवोकेट, ईश्वर जायसवाल एडवोकेट, दीपनारायण पटेल,एड नवीन पांडेय ,एड वीरेंद्र कुमार सिंह, संतोष चतुर्वेदी नेतराज पटेल, प्रदीप सिंह आदि लोग उपस्थित थे ।

# पॉक्सो एक्टः दोषी राजकुमार को 10 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** 30 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद - दो महिलाओं शीला व गीता को 7-7 वर्ष की कैद, 10-10 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर 5-5 माह की अतिरिक्त कैद - अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी साढ़े नौ सल की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक राबट्र्सगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 27 जून 2013 को कोतवाली में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी पतनी की मौत हो गई है। थाना राबट्र्सगंज व रायपुर थाना क्षेत्र के नगांव निवासी गीता पत्नी सीताराम के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी राजकुमार को 10 वर्ष



पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का मामला साढ़े नौ वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी राजकुमार को 10 वर्ष की कैद एवं 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। वहीं दो महिलाओं शीला व गीता को दोषसिद्ध पाकर 7-7 वर्ष की कैद व 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न अदा करने पर 5-5 माह घर पर उसकी 16 बर्षीय नाबालिग बेटी रहती है। अकेले का फायदा उठाकर लसड़ा गांव निवासी राजकुमार अक्सर बेटी के साथ दुष्कर्म करता रहा और उसे किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दिया करता था।जिसकी वजह से बेटी 6 माह की गर्भवती हो गई। इस कार्य में शीला व गीता ने बखूबी सहयोग किया है। इस तहरीर पर राबट्र्सगंज कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में राजकुमार पुत्र रामचन्द्र व शीला पतने राजकुमार निवासी लसड़ा, की कैद एवं 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं दो महिलाओं शीला व गीता को दोषसिद्ध पाकर 7-7 वर्ष की कैद एवं 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर 5-5 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। उधर जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वही अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि,सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह एडवोकेट ने बहस की।

# 8 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण करने के पश्चात उसके साथ छेड़छाड़ करने वाले गुपुत यादव पांच वर्ष कि क़ैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** साढ़े सात वर्ष पूर्व 8 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ अपहरण कर उसके साथ हुए छेड़छाड़ के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी गुपुत यादव को 5 वर्ष की कैद एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 25 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी अभियोजन पक्ष के मुताबिक पनन्नूंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 23 अप्रैल 2015 को पनन्नूंज थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 8 अप्रैल 2015 को दोपहर में 2:30 बजे से 3:00 बजे के बीच पनन्नूंज थाना क्षेत्र के लौवारी गांव निवासी गुपुत यादव पुत्र स्वर्गीय बैजू उसकी नाबालिग बेटी को गौशाला में ले गया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब वह भागने लगी तो उसे वह पकड़ लिया। जब बेटी रोने लगी तो उसे छोड़ दिया। इस तहरीर पर पनन्नूंज पुलिस ने छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में गुपुत यादव पुत्र स्वर्गीय बैजू निवासी लौवारी, थाना पनन्नूंज के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी गुपुत यादव को 5 वर्ष की कैद एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वही अर्थदंड की समूची धनराशि 25 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि,सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह एडवोकेट ने बहस की।

# पुलिस अधीक्षक ने आगामी दीपावली एवं अन्य त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने का दिया निर्देशन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में आगामी दीपावली एवं अन्य त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण बनायें रखने के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक को0शहर मय टीम द्वारा आज दिनांक 19.10.2022 थाना को0शहर क्षेत्रांतर्गत धुंधीकटरा निवासी विकास केशरवानी के घर व दुकान पर छापा मार कर अवैध रूप से भारी मात्रा में भण्डारण किया हुआ आतिशबाजी/पटाखों को कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । कार्यवाही के दौरान नगर मजिस्ट्रेट व सीएफओ सहित अन्य अधीकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।मीरजापुर द्वारा दिए गए आदेश के अनुपालन में आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज पर्व, पर आम जनमानस को शुध्द एवं सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ विशेषकर खोया, नमकीन, ड्राई फ्रूट, खाद्य तेल एवं वनस्पति, घी, विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, रंगीन मीठे खिलौने, अन्य खाद्य पदार्थ आदि) उपलब्ध कराने के लिए अभियान के अन्तर्गत राजगढ़ तहसील एवम नगर क्षेत्र में विभिन्न बाजारों का निरीक्षण करते हुए 06 नमूने संग्रहित किए गए।

# अधीक्षक आपरेशन सोनभद्र की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में एएचटीयू एसजेपी एवं श्रम विभाग प्रोबेसन कार्यल कि गोष्ठी हुई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** अपर पुलिस अधीक्षक (आप0) जनपद सोनभद्र विजय शंकर मिश्र के अध्यक्षता में पुलिस लाईन सोनभद्र सभागार में एएचटीयू/एसजेपीयू की मासिक



समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में ,जे0जे0बोर्ड के सदस्य, बाल कल्याण समिति सदस्य, जिला प्रोबेशन कार्यालय, श्रम विभाग, बाल संरक्षण अधिकारी, बाल सुरक्षा सलाहकार, वन स्टॉप सेन्टर, एएचटीयू/एसजेपीयू के कर्मचारीगण तथा जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस आधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे। गोष्ठी में जनपद सोनभद्र के सभी बाल कल्याण पुलिस अधिकारियो/ कर्मचारियों को ठकिशोर न्याय अधिनियम देख-रेख एवं संरक्षण अधिनियम 2012ठ पोक्सो एक्ट, के बारे मे निर्देशित करते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया गया । बच्चों के मामले मे संवेदीकरण एवं बच्चों के मामले को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के संबंध मे जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

# 90, किग्रा गाजे के साथ पिकअप सहित दो अभियुक्तों कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशानुसार मादक पदार्थी के पर बनी पुलिया के पास से एक अदद पिकप में कुल 90 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद कर 02 नफर अभियुक्तगण 1.नजीम मौके से फरार हो गये जिनकी तलाश जारी है । उक्त गिफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना रायपुर पर मु0अ0स0 96/2022



व्यापार में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं । इस आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना रायपुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान दरमा पहाड़ी के नीचे सड़क अंसारी पुत्र टेढा उर्फ उस्मान अंसारी निवासी जमुनीनार, थाना अधौरा, जनपद कैमूर(भभुआ), बिहार उम्र लगभग 38 वर्ष, 2. राजा अली पुत्र तैयब अंसारी, निवासी सेमरिया, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया तथा 03 नफर अभियुक्त अंधेरा का फायदा उठाकर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट व 419, 420, 467, 468, 471 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है । इस गिरफ्तारी व बरामदगी का विवरण निमन्वत है- **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-** 1. नजीम अंसारी पुत्र टेढा उर्फ उस्मान अंसारी, निवासी जमुनीनार, थाना अधौरा, जनपद कैमूर(भभुआ), बिहार उम्र लगभग 38 वर्ष । 2. राजा अली पुत्र तैयब अंसारी, निवासी सेमरिया, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 38 वर्ष । **फरार अभियुक्तगण का विवरण-** 1.सुरेन्द्र पुत्र हरिदास जायसवाल, नि0चौधरना, थाना अधौरा, जनपद कैमुर (भभुआ), बिहार उम्र लगभग 40 वर्ष । हा0 पता-खलियारी ,थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 2.गोरख यादव पुत्र दशई यादव, नि0जमुनीनार, थाना अधौरा, जनपद कैमुर (भभुआ) बिहार उम्र लगभग 35 वर्ष । 3. मोतीलाल जायसवाल पुत्र अज्ञात, नि0-चौधरना, थाना अधौरा, जनपद कैमुर(भभुआ), बिहार उम्र लगभग 38 वर्ष । विवरण पूछताछ-अभियुक्तगण से पूछताछ किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि साहब अपने साथियो के साथ इसी गाड़ी में बिहार से गांजा लेकर हम लोग आ रहे थे गांजा को सुरेन्द्र जायसवाल पुत्र स्व0 हरिदास जायसवाल ग्राम चौधरना थाना अधौरा जिला कैमूर भभुआ बिहार हाल पता ग्राम खलियारी थाना रायपुर जनपद सोनभद्र उम्र 40 वर्ष के खलियारी वाले घर पर उतार कर हम सभी लोग पशु लादने हेतु घोरावल चले जाते। अभियुक्तगणो से पूछा गया कि यह काम कब से करते हो तो बताये की साहब पहले हम लोग किराये की गाडी से यह काम करते थे कुछ पैसा हो जाने पर हम सभी लोगो नें मिलकर राजा अली के नाम से नयी पिकप अभी हाल में खरीदे है जिससे अब हम लोग गांजा व पशु तस्करी का काम कर रहे थे । **बरामदगी का विवरण** - 1- कुल 90 किग्रा गांजा (अनुमानित कीमत 07 लाख रुपये) । 2- एक अदद पिकप वाहन । **पुलिस टीम का विवरणः-** 1. थानाध्यक्ष नागेश सिंह, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 2. उ0नि0 राजनारायण यादव, थाना रायपुर ,जनपद सोनभद्र । 3. हे0का0 सत्यजीत यादव, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 4. हे0का0 अरुण कुमार, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 5. का0 हृदय नरायण यादव, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 6. का0 जितेन्द्र सिंह यादव,थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 7. का0 मनीष कुमार सिंह, थाना रायपुर , जनपद सोनभद्र । 8. का0 दुर्गेश सिंह , थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र ।

# सचिन ने सहवाग के लिए लिखा, चौके पर चौका मारते 44 पर पहुंच गए अब 50 के लिए 6 बनता है वीरू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों को अपनी बल्लेबाजी से डराने वाले वीरेंद्र सहवाग वीरू गुरुवार को 44 साल के हो गए। जोड़ी को दर्शक खूब पसंद किया करते थे। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने उनके जन्मदिन पर एक ट्वीट किया। ट्विटर पर एक पूरानी तस्वीर शेयर कर उन्हें 44वें जन्मदिन दिखाया गया है। ट्वीट में सचिन ने मजाकिया लहजे में लिखा है कि, चौके पर चौका मारते हुए आप 44 तक पहुंच गए हैं। अब 44 से 50 के लिए एक छक्का तो बनता है।



वीरेंद्र सहवाग खेल की किसी भी स्थिति में अपनी आक्रमक बल्लेबाजी और शानदार स्ट्रोकप्ले के लिए प्रसिद्ध हैं। इसके अलावा सचिन तेंदुलकर के ओपनिंग पॉर्टनर के रूप के में भी। सचिन सहवाग की की बधाई दी है। सचिन ने गुरुवार को ट्विटर पर उनके खेलने के दिनों की एक पुरानी तस्वीर के साथ एक पोस्ट साझा की। साझा की गई तस्वीर में दोनों पूर्व क्रिकेटरों को एक विकेट का जशन मनाते हुए ट्विटर पर शेयर किए जाने के बाद यह पोस्ट सोशल मीडिया सेंसेशन बन गई है। इसे बड़ी संख्या में रिट्वीट किया गया है। एक यूजर ने लिखा, 'दिग्गज वीरेंद्र सहवाग को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं।

# आस्ट्रेलिया टीम में जोश इंग्लिश की जगह कैमरून ग्रीन को किया गया शामिल, आखिर क्या है वजह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आक्रामक हरफनमौला कैमरून ग्रीन को आस्ट्रेलिया की टी-20 टीम में चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश की जगह शामिल किया गया है। इंग्लिश को न्यू साउथ वेल्स क्लब में गोल्फ खेलते हुए हाथ मौजूदा चैंपियन आस्ट्रेलिया अपने अभियान की शुरुआत शनिवार को टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड के विरुद्ध करेगा। आस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनल्ड ने कहा, 'इंग्लिश की हथेली पर चोट से बल्ला पकड़ने में परेशानी होगी और अगर वह विकेटकीपिंग करता है तो इसमें भी आखिरी ओवर में ऑस्ट्रेलिया के 4 विकेट गिरे। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 187 रनों का लक्ष्य रखा था। भारत की तरफ से सूर्या और केएल राहुल ने अर्धशतकीय पारी खेली थी। रोहित शर्मा, केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या,



में चोट लग गई थी।आइसीसी ने एक बयान में कहा ,'आइसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2022 की तकनीकी समिति ने आस्ट्रेलियाई टीम में जोश इंग्लिश की जगह कैमरून ग्रीन को शामिल करने की मंजूरी दे दी। सात टी-20 खेल चुके ग्रीन को इंग्लिश के दाहिने हाथ में चोट लगने के बाद चुना गया।' असर पड़ेगा।' बता दें कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए वार्मअप मैच में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को रोमांचक मुकाबले में 6 रनों से हरा दिया है। आखिरी ओवर में ऑस्ट्रेलिया को 11 रन बनाने थे लेकिन शमी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया की टीम को 180 रनों पर ऑल-आउट कर दिया। दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, रवि अश्विन, हर्षल पटेल, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह। एरोन फिंच (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल मार्श, स्टीवन स्मिथ, मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), टिम डेविड, एश्टन एगर, पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, केन रिचर्डसन।

# पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज का सामना आयरलैंड से स्काटलैंड से भिड़ेगा जिंबाब्वे

**होबार्ट ।** दो बार की पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज की भिड़ंत आयरलैंड से और स्काटलैंड का सामना आइसीसी टी-20 विश्व कप में शुक्रवार को जिंबाब्वे से होगा जिसमें ग्रुप-बी की शीर्ष की दो टीमों को सुपर-12 के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। समाचार एजेंसी आइएएनएस के मुताबिक, सुपर-12 में पहुंच जाएंगे। अगर वेस्टइंडीज बनाम आयरलैंड मैच खेला जाता है और दूसरा मैच धुल जाता है, तो स्काटलैंड के साथ उस मैच का विजेता अगले चरण में पहुंच जाएगा। अगर स्काटलैंड बनाम जिंबाब्वे मैच खेला जाता है और दूसरा मैच रद होता है, तो मैच का विजेता वेस्टइंडीज के साथ सुपर-



वेस्टइंडीज, आयरलैंड, स्काटलैंड और जिंबाब्वे के बीच जो भी दो टीमें अपने मैच जीतती हैं, वे आगे बढ़ जाएंगी, लेकिन होबार्ट में शुक्रवार को वर्षा की संभावना हैं और ऐसे में समीकरण नेट रन रेट पर निर्भर हो जाएंगे। वर्तमान में, स्काटलैंड दूसरे स्थान पर जिंबाब्वे के साथ 0.759 के सर्वश्रेष्ठ एनआरआर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। यदि शुक्रवार को दोनों मैच बिना एक भी गेंद फेंके रद हो जाते हैं, तो स्काटलैंड और जिंबाब्वे 12 में आगे बढ़ेगा। वेस्टइंडीज अपने पहले मैच में स्काटलैंड से 42 रन से हारकर इस स्थिति में उतरी थी। उन्होंने बुधवार को जिंबाब्वे को हराकर कुछ रन रेट हासिल किया, लेकिन स्काटलैंड के आयरलैंड से हारने के बाद भी कुछ चिंताजनक क्षणों का सामना करना पड़ रहा है, जो खुद जिंबाब्वे से हार गए थे। वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरन ने स्वीकार किया कि उनकी दुर्दशा का कारण बल्लेबाजी इकाई की विफलता है।

# वसीम अकरम ने जय शाह से कहा- 'साहब अगर आपको एशिया कप 2023 को लेकर कुछ कहना ही था तो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह द्वारा एशिया कप 2023 को लेकर दिए गए बयान ने बेहद तूल पकड़ लिया है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड समेत इस देश के कई पूर्व क्रिकेटर्स भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे चुके हैं। जय शाह ने कहा था कि हम एशिया कप 2023 के लिए दिए गए बयान पर पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने अपनी प्रतिक्रिया दी। अकरम का मानना है कि अगर जय शाह को ऐसा बयान देना था तो उन्हें पीसीबी के अध्यक्ष रमीज राजा से सीधे संपर्क करना चाहिए था। वहीं अकरम ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की तरफ से इस मामले पर जो बयान दिए गए उसे भी



पाकिस्तान दौरे पर नहीं जाएंगे और इस टूर्नामेंट को तटस्थ स्थान पर खेलने की कोशिश करेंगे। उनके इस बयान के बाद जैसे पाकिस्तान में हड़कंप मच गया और पीसीबी ने एसीसी की सदस्यता छोड़ने से लेकर अगले साल भारत में वनडे वर्ल्ड कप में खेलने नहीं आने तक की धमकी दे डाली। अब जयशाह के एशिया कप 2023 को लेकर सही ठहराया। अकरम ने ए-स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा कि पीसीबी ने बड़ी जबरदस्त स्टेटमेंट दी है। भारत डिक्टेट नहीं कर सकता है कि पाकिस्तान कैसे क्रिकेट खेलेगा और पाकिस्तान में क्रिकेट भी 10-15 साल बाद शुरू हुई है। वसीम अकरम ने आगे कहा कि मैं एक पूर्व क्रिकेटर और स्पोर्ट्स पर्सन हूं।

# 2022: टी20 विश्व कप की यह है सबसे यंगेस्ट टीम ज्यादातर खिलाड़ी है बांके जवान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप का धमाल शुरू हो चुका है। एक तरफ जहां क्वालिफाइंग मुकाबले में टीमें अपने खेल का प्रदर्शन कर रही हैं। युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से सभी को चौका दे रहे हैं। युवाओं की बात चली है तो खेल जगत में एक चर्चा यह भी हैं। कुछ टीमें कुछ अनुभवी खिलाड.ियों के साथ नए चेहरों को मौका देती है। टी20 विश्व कप 2022 में भाग लेने वाली 16 टीमों में अफगानिस्तान की 15 सदस्यीय टीम सबसे कम उम्र की टीम है। कप्तान मोहम्मद नबी टूर्नामेंट के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी (37 साल) हैं। मोहम्मद सलीम और रहमानुल्ला



हो रही है कि टी20 विश्व कप की सबसे यंगेस्ट टीम कौन सी है। विश्व कप 2022 हर संस्करण की तरह, इस साल के मेगा इवेंट में भी कुछ खिलाड़ी अपनी बढ़ती उम्र के कारण अपना अंतिम टूर्नामेंट खेल रहे हैं। मैच के दौरान मुश्किल परिस्थितियों में टीम के लिए रन बनाना, विकेट लेना क्षेत्ररक्षण महत्वपूर्ण हो जाता है। इसलिए, चयनकर्ता एक संतुलित टीम बनाते गुरबाज के साथ उनकी औसत आयु 23 साल है। नबी पूरी टीम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं, जिनकी उम्र 30 साल से अधिक है। अफगान के युवा खिलाडियों के पास मुश्किल वक्त में खेलने का अनुभव नहीं है, लेकिन विश्व कप में उलट फेर करने का मद्दा रखते हैं। राशिद जैसे खिलाड़ी जादुई गेंदबाजी से प्रतिद्वंद्वी टीम को हार का मुंह दिखा सकते हैं।

# राशिफल




**मेष-:** आज का दिन अच्छा रहेगा. आप बिना थके घर के काम आसानी से पूरे कर लेंगे। पाएँ बेहतर परिणामों के लिए खुद पर विश्वास. कार्यों के प्रति अपना व्यवहार मित्रवत रखें।

**वृष-:** आज आपको मित्रों की ओर से कोई नई खुशखबरी मिलने वाली है. आप समय पर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। आज आपके व्यक्तित्व और क्षमताओं का विकास हो सकता है।

**मिथुन-:** आज के दिन नए कार्यों की शुरुआत पर ध्यान देना चाहिए. अगर आप कोई नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो आज का दिन अच्छा है। का ध्यान रखें और उन्हें हाथ से जाने न दें।

**कर्क-:** आज आपके मित्र आपकी मदद करेंगे। किसी मित्र को आपकी सलाह से बहुत लाभ हो सकता है। आपको केवल उन अवसरों के लिए धैर्य रखना होगा जो आपको मिलेंगे।

**सिंह-:** आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहेगा। जिन कार्यों को आप काफी समय से पूरा करने का प्रयास कर रहे थे, उन कार्यों के बारे में आप ध्यान से सोचेंगे।

**कन्या-:** आज आपको किसी प्रकार की आर्थिक समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा. कार्यक्षेत्र में पहले से बनी हुई योजना को किसी के सामने न रखें अन्यथा दूसरा उसका फायदा उठा सकता है।

**तुला-:** आज भाग्य आपका साथ देगा। आज आप अपने बात करने के तरीके से लोगों का दिल जीत लेंगे। आज आप अपने व्यवहार से ऐसे लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंग।

**वृश्चिक-:** व्यापार में विस्तार के साथ ही आप व्यापार जगत में अपनी पहचान बनाएंगे. पिछले कुछ समय से अगर आपका जीवनसाथी रोजमर्रा के कामों में व्यस्त था।


**धनु-:** आज का दिन आपके व्यक्तित्व को निखारने के लिए अच्छा है। आपका अच्छा व्यक्तित्व आपको समाज में एक अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है।

**मकर-:** आज आपको न तो कोई बड़ा खर्च करना चाहिए और न ही कोई वादा करना चाहिए. यह एक सुखद और आनंददायक दिन होगा। आप भी अपने आप में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-:** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज ऑफिस में बॉस आपके काम से खुश हो सकते हैं और इनाम के तौर पर प्रमोशन दे सकते हैं।

**मीन-:** आज अगर आपको मदद की जरूरत है तो आज आपके दोस्त और रिश्तेदार पीछे नहीं हटेंगे. आज आपको कुछ महत्वपूर्ण कार्य निपटाने होंगे।



# भारत-पाकिस्तान मैच का रिजल्ट साथ ही टीम इंडिया और किस टीम के बीच होगा फाइनल मैच, जहीर खान ने बताया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर के बाद टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान का भी मानना है कि रविवार को भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले और इंग्लैंड फाइनल में पहुंचेंगे। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत रविवार को टी20 वर्ल्ड कप 2022 का अपना पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। जहीर खान ने क्रिकबज के साथ बात करते हुए कहा कि लेकिन इसके बावजूद टीम इंडिया ने पिछले कुछ साल से जिस तरह की निरंतरता दिखाई है ऐसे में निश्चित तौर पर ये टीम फाइनल में पहुंचने की दावेदार है। वहीं दूसरी टीम जो फाइनल में पहुंचने की सचिन ने इस वर्ल्ड कप के लिए सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमों का चयन किया था। सचिन ने कहा था कि भारत मेरा फेवरेट है और ऐसा सिर्फ इस वजह से नहीं है कि मैं भारतीय हूं बल्कि




मैच में रोहित शर्मा की टीम को बाबर आजम के खिलाफ जीत मिलेगी। यही नहीं इस जीत के अलावा भारतीय क्रिकेट टीम इस वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बनाने में सफल रहेगी। जहीर खान का मानना है कि भारतीय क्रिकेट टीम हां मैं भारत के साथ जाना पसंद करूंगा। हां, ये बात सच है कि टीम इंडिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी इस वर्ल्ड कप से बाहर हैं। जसप्रीत बुमराह इस टूर्नामेंट से ठीक पहले इंजर्ड हो गए थे और फिर उन्हें बाहर होना पड़ा था, दावेदार है वो इंग्लैंड की टीम है। आपको बता दें कि जहीर खान से पहले टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भी कहा था कि रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम पाकिस्तान को हराने में सफल होगा। वहीं इस वजह से है कि टीम इंडिया में ऐसे फायरपावर मौजूद हैं जो आस्ट्रेलिया की कंडीशन में बेहतरीन प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं। वहीं सचिन ने कहा था कि भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंचेंगे।

# पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले काफी उत्साहित हैं रिषभ पंत, विराट कोहली की जमकर की तारीफ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाज और विकेटकीपर रिषभ पंत टीम इंडिया के साथ ऑस्ट्रेलिया में मौजूद हैं। पाकिस्तान के खिलाफ खेले जाने वाले पहले मैच में रिषभ को प्लेइंग 11 में मौका मिलेगा या नहीं, इस सवाल का ने कहा कि जब टीम दबाव में होती है तो विराट कोहली जैसे अनुभवी बल्लेबाज दबाव को हमेशा कम करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने विराट कोहली के साथ बैटिंग पार्टनशिप को लेकर कहा कि बैटिंग करते समय वो (विराट कोहली) हमेशा अपने साथी बल्लेबाज को परिस्थिति स्थिति में बल्लेबाजी करते हुए गेम चलाते हैं।' उन्होंने पिछले साल हुए भारत और पाकिस्तान के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले को याद करते हुए कहा,'मुझे याद है कि मैंने हसन अली को एक ही ओवर में दो छक्के मारे थे। उस मैच में हम सिर्फ रन रेट बढ़ाने की कोशिश





जवाब देना काफी कठिन है। हालंकि रिषभ पंत ने भारत और पाकिस्तान महामुकाबले को लेकर कुछ दिलचस्प बातें बताई है। साथ ही उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली के साथ बैटिंग करने का अनुभव भी साझा किया। पंत के अनुसार बल्लेबाजी करने की सलाह देते हैं। पंत ने कहा, उन्हें मालूम है कि गेम को कैसे आगे लेकर जाना है। उनके साथ बैटिंग करने का अपना मजा है।' पंत ने आगे कहा, 'विराट कोहली जैसे बल्लेबाज रन/बॉल जैसे दबाव वाली कर रहे थे क्योंकि हमने शुरुआती विकेट खो दिए थे और मैंने और विराट ने साझेदारी की थी। पंत ने आगे कहा कि वो दो छक्के मेरे लिए खास शॉट हैं। बता दें कि उस मैच में विराट कोहली और रिषभ पंत ने 53 रन की साझेदारी जोड़ी थी। वह मैच पाकिस्तान ने 10 विकेट से जीत लिया था। उस मैच में मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम ने मिलकर 151 रन का लक्ष्य पूरा कर लिया था। भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा,ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, आर. अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी स्टैंडबाय खिलाड़ीः श्रेयस अय्यर, रवि बिशनेई, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर. पाकिस्तान टीमः बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, आसिफ अली, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, नसीम शाह, शाहीन शाह आफरीदी, शान मसूद, फखर जमां. ट्रेवलिंग रिजर्वः मोहम्मद हारिस, उस्मान कादिर और शाहनवाज दहानी।

## सम्पादकीय

# आवश्यक है इतिहास का पुनर्लेखन, युवा पीढ़ी को भारत के आत्मबोध से परिचित कराना जरूरी

भारत में इतिहास शिक्षण की स्थिति देखकर लगता है कि इतिहास केवल भूतकाल की घटनाओं के बारे में जानकारी देता है। क्या इतिहास शिक्षण का उद्देश्य केवल भूतकाल की सूचनाओं का आयात करना है इस स्थिति में अध्ययन के उद्देश्य की पूर्ति नहीं होती। उद्देश्य स्पष्ट न होने से यह प्रशन बेमानी हो जाता है कि अंतर्वस्तु क्या है यह प्रशन भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना इतिहास को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या का अंग बनाने का प्रशन। इतिहास खंडित या विकृत है, यह बाद का प्रशन है। कोई भी राष्ट्र या समाज संपूर्णता में पढ़ने की प्रक्रिया की अपेक्षा रखता है। जो पढ़ाई हो, वह सामाजिक दृष्टि से प्रासंगिक हो, जिस सांस्कृतिक परिवेश में हम रहते हैं, उस सांस्कृतिक परिवेश को संबोधित करती हो और हमारे जीवन को गौरवान्वित भी करती हो। दुनिया भर में इतिहास का उपयोग इसी दृष्टि से हुआ है। प्रायः 10वीं कक्षा और उससे नीचे ही शत-प्रतिशत इतिहास की पढ़ाई होती है। इस स्तर तक भी यदि पढ़ाने के तरीके में तार्किकता के बजाय केवल घटनाओं का बखान हो तो उसे उचित नहीं कहा जा सकता। इतिहास में घटनाओं के चयन, प्रविधि और उनके भाष्य का प्रशन महत्वपूर्ण होता है। भारत जैसे देश के इतिहास को निरंतरता में देखा जाना चाहिए, लेकिन प्रायः उसे खंडित रूप में देखने की कोशिश की जाती है। इतिहास हमेशा शौर्य का होता है, कीर्ति का होता है और पराक्रम का होता है। कक्षा 10 से नीचे का विद्यार्थी इतिहास के थोड़े हिस्से से भी परिचित होता है तो मनुष्य की बेहतर प्रवृत्तियों से परिचित हो सकता है। इतिहास का उद्देश्य ही ज्ञान का विस्तार करना है। अंग्रेजों ने इतिहास से छेड़छाड़ के पीछे के उद्देश्य को कभी नहीं छिपाया। वे जानते थे कि भविष्य में भारत की विद्याओं का बहुत योगदान होगा। इसे समझते हुए उन्होंने उस भारतविद्या का, उस संस्कृत का उपयोग मतांतरण के लिए किया। इतिहास में इंडिक स्रोत की ही बात की गई। इंडिक शब्द भी उतना ही खतरनाक है, क्योंकि जब हम इंडिक कहते हैं तो मध्यकाल के इतिहास लेखन में वे इंडिक स्रोत भी फारसी स्रोत के अभिन्न अंग हैं। इसीलिए मध्यकाल में जो इतिहास भारतीय भाषाओं में लिखा जा रहा था, उसमें भारतीय समाज की वास्तविक स्थिति का पता नहीं चलता। यह इतिहास के किसी पाठ्यग्रंथ में नहीं लिखा गया कि आक्रमण, मतांतरण और तमाम अत्याचारों के बावजूद भारतीय ज्ञान परंपरा ने 11वीं शताब्दी से लेकर 17वीं शताब्दी के बीच 45,000 से अधिक नई किताबें लिखीं और वे सभी भारतीय भाषाओं में लिखी गईं। 12वीं शताब्दी में रचित 'लीला चरित्र' वस्तुतः इतिहास ही है। वहां हम यही संशोधन कर सकते हैं कि वे भारतीय भाषाओं के साहित्यिक स्रोतों और अन्य विश्वसनीय मौलिक स्रोतों पर आधारित हैं। दूसरी ओर यात्रा साहित्य के आधार पर इतिहास खोजने के कारण यह भ्रांत धारणा बनाई गई कि भारत की खोज वास्कोडिगामा ने की, वैसे ही जैसे कोलंबस ने अमेरिका खोजा। अगर हम वास्कोडिगामा को भारत की खोज करने वाले के रूप में प्रस्तुत करते हैं तो उस किशोर विद्यार्थी का मानस नहीं बदलेगा। अमूमन आरंभिक स्तर पर पढ़ा गया इतिहास ही व्यक्ति जीवनपर्यंत के लिए सत्य-तथ्य मान लेता है, क्योंकि उच्च स्तर पर इतिहास का अध्ययन कम ही लोग करते हैं। इतिहास लेखन की कमियों को दूर करना होगा। इसकी पाठ्यसामग्री में देश की दस प्रतिशत आबादी सभी प्रकार के इतिहास के दायरे से पूरी तरह बाहर है। इसमें बड़ी संख्या घुमंतू जनजातियों की है। इसी कारण से जब उनको अधिसूचित करके प्रतिबंधित किया गया तो कुछ को आपराधिक जनजाति कहा गया, कुछ के भ्रमण पर रोक लगा दी गई। ऐसा करना वस्तुतः इस देश में जीवन पद्धति को बदलने की प्रक्रिया थी। विदित हो कि 18वीं शताब्दी तक भारत बड़ी आर्थिक शक्ति था, जिसमें इन घुमंतू जनजातियों का बड़ा योगदान था। उन पर पाबंदियां लगाकर भारत के व्यापार और शिल्प, दोनों को प्रभावित करने का काम किया गया। भारत के इतिहास से उनका इतिहास गायब है। कोई भी देश जिसकी 10-12 प्रतिशत आबादी प्रभावशाली रही हो, उसमें हम एक-दो को ही जानते हैं। परिणामस्वरूप विद्यार्थी हाईस्कूल की परीक्षा से निकल जाता है और उसे इन प्रजातियों के नाम नहीं पता होते। उसके मन में वही बना रहता है जो उनके बारे में अंग्रेजों ने लिखा। इसीलिए आज इतिहास के पुनर्लेखन की जरूरत है। उस पुनर्लेखन के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने लोगों को, अपने समाज को, अपने समाज की परंपराओं को गौरवपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करना और उनसे किशोर-युवाओं का परिचय कराने की है।

# कांग्रेस के लिए कितने प्रभावी सिद्ध होंगे मल्लिकार्जुन खड़गे, विधानसभा चुनावों में होगी पहली परीक्षा

कांग्रेस पिछले कुछ हफ्तों में एक साथ बेहतरीन और बदतरीन दौर से गुजरी है। बेहतरीन इसीलिए कि उसे लंबे समय के बाद पूर्णकालिक अध्यक्ष मिला है। राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा को बढ़िया प्रतिक्रिया मिल रही है। इससे कांग्रेस समर्थकों में उत्साह का संचार हुआ है। बदतरीन इस कारण कि मल्लिकार्जुन खड़गे का अध्यक्ष बनना यथास्थितिवाद का ही उदाहरण है। वह उम्मीद जगाने और आवश्यक सुधारों का सूत्रपात करने वाला चेहरा नहीं दिखते। वहीं भारत जोड़ो यात्रा अभी अपने शुरुआती दौर में है और दक्षिण में कांग्रेस के पारंपरिक गढ़ों से गुजर रही है। ऐसे में देखना होगा कि आगे भी उसमें उत्साह की यही निरंतरता कायम रहेगी और उसे इसी प्रकार समर्थन मिलेगा या नहीं जो भी हो, नए अध्यक्ष की नियुक्ति पार्टी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन बड़ा सवाल यही है कि क्या वह कांग्रेस पार्टी को उसके सबसे मुश्किल दौर से उबार पाएंगे इसका उत्तर काफी हद तक इस पर निर्भर करेगा कि अध्यक्ष के रूप में खड़गे अपना कद किस प्रकार गढ़ते हैं, क्योंकि यह स्पष्ट है कि वह गांधी परिवार की मेहरबानी से ही अध्यक्ष बने हैं। ऐसे में क्या वह पार्टी के प्रथम परिवार की छाया से बाहर निकलकर अपनी मर्जी से टीम बनाने के साथ ही पार्टी को अपने हिसाब से चला सकते हैं उन अहम सुधारों को सिरे चढ़ा सकते हैं, जो पार्टी की खिसकती राजनीतिक जमीन को बचाने के लिए आवश्यक हो चले हैं कांग्रेस इस समय अपने अस्तित्व के सबसे बड़े संकट से जूझ रही है। वह कभी इतने लंबे समय तक लगातार केंद्र की सत्ता से बाहर नहीं रही। पिछले पांच साल से उसने किसी बड़े राज्य की सत्ता भी हासिल नहीं की। आम पवार, राजेश पायलट और जितिन प्रसाद जैसे दिग्गजों को भी नहीं मिले थे, जो दशकों से राजनीति में सक्रिय रहे। थरूर महज तीसरी बार के सांसद हैं। यह दर्शाता है कि पार्टी में क्रांतिकारी सुधारों को लेकर थरूर का जो राजनीतिक दर्शन है, उसके साथ सहमति जताने और बदलाव चाहने वालों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बतौर अध्यक्ष खड़गे क्या कर सकते हैं, इसके जवाब कई पहलुओं पर निर्भर करते हैं। एक यह कि खड़गे अपनी भूमिका को कितना विस्तार दे पाते हैं। दूसरा यह कि खड़गे की पारी के दौरान गांधी परिवार का क्या रुख रहता है अभी तक के संकेत यही दर्शाते हैं कि गांधी परिवार पार्टी पर अपना नियंत्रण नहीं छोड़ना चाहता और उसका यही रवैया अध्यक्ष के रूप में खड़गे की भूमिका एवं सीमा का निर्धारण करेगा। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि बदलाव के है और वही पार्टी से किनारा कर रहे नेताओं को जोड़े रखने में मददगार बनेगी। खड़गे को लुंजपुंज पड़े कांग्रेस संगठन को नई धार देनी होगी। कर्नाटक से लेकर राजस्थान और छत्तीसगढ़ सहित लगभग हर जगह चरम पर पहुंची आंतरिक गुटबाजी पर लगाम लगानी होगी। चूंकि आम चुनाव की उलटी भी गिनती एक तरह से शुरू हो गई है, अतः कांग्रेस के पक्ष में अविलंब कोई कारगर अभियान छेड़ना होगा। भाजपा विरोधी किसी संभावित गठजोड़ को आकार देने में विपक्षी नेताओं को भी साधना होगा। यह सब आसान नहीं। इसके लिए उन्हें अपने राजनीतिक कद को ऊंचा उठाना होगा। चूंकि उनकी उम्र 80 के करीब है तो दीर्घकालिक योजनाओं की दृष्टि से अगली पीढ़ी के नेतृत्व को भी तराशना होगा। भले ही खड़गे अध्यक्ष बन गए हों, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं कि कांग्रेस में गांधी परिवार की ही तूती बोलती रहेगी



पिछले आम चुनाव में करारी हार के बाद राहुल गांधी के अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से पार्टी का सांगठनिक ढांचा कामचलाऊ व्यवस्था का शिकार था। अस्वस्थ होते हुए भी सोनिया गांधी पार्टी की प्रमुख प्रभारी बनी हुई थीं। खांटी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले खड़गे 2019 से पहले कोई चुनाव नहीं हारे थे। वह कई बार विधायक और सांसद रहे। कर्नाटक के गृहमंत्री रहे। केंद्र सरकार में रेल और श्रम मंत्रालय संभाले। लोकसभा और राज्यसभा में नेता-प्रतिपक्ष का दायित्व संभालने के साथ ही पार्टी के लिए कई राजनीतिक संकट सुलझाए। ऐसे में उनकी राजनीतिक समझ और अनुभव को लेकर कोई संदेह नहीं, आदमी पार्टी जैसे नए दल उसकी राजनीतिक जमीन हथिया रहे हैं। इस बीच पार्टी में गांधी परिवार का प्रभाव भी कमजोर पड़ने के संकेत मिले हैं। भले ही खड़गे परिवार की पसंद के रूप में अध्यक्ष बन गए हों, लेकिन यह सब आसान नहीं रहा। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अध्यक्ष पद के लिए गांधी परिवार की पहली पसंद थे, लेकिन उन्होंने परिवार के विरुद्ध ही एक प्रकार का राजनीतिक विद्रोह कर दिया। फिर नए अध्यक्ष के लिए करीब आधा दर्जन नाम चले और अंत में खड़गे का नाम तय हुआ। चुनाव में शशि थरूर को जितने मत प्राप्त हुए, वह भी चौंकाने वाला है, क्योंकि इतने वोट तो शरद हिमायती थरूर जैसे नेता खड़गे को किस प्रकार सहयोग करते हैं। स्मरण रहे कि कोई भी कप्तान तभी सफल हो सकता है, जब उसे अपनी टीम की क्षमताओं का पूरा समर्थन मिले। खड़गे का रिपोर्ट कार्ड भी इसी आधार पर तैयार होगा। कई चुनौतियां नए कांग्रेस अध्यक्ष की प्रतीक्षा कर रही हैं। हिमाचल और गुजरात में चुनाव होने जा रहे हैं। गुजरात में पार्टी की हालत पतली दिख रही है। आम आदमी पार्टी उसका विकल्प बनने एवं भाजपा को मुख्य चुनौती देने के लिए भरसक जोर लगा रही है। ये चुनाव खड़गे की पहली परीक्षा हैं। याद रहे कि राजनीतिक परिदृश्य पर जीत ही किसी नेता के कद को निर्धारित करती और राहुल गांधी पार्टी के सबसे बड़े नेता बने रहेंगे। ऐसे में कांग्रेस यह जो उम्मीद कर रही होगी कि खड़गे के अध्यक्ष बनने से भाजपा द्वारा राहुल और गांधी परिवार पर निशाना साधना बंद हो जाएगा तो वह उसका भ्रम ही होगा। भाजपा अभी भी वंशवाद को लेकर हमलावर रुख बनाए रखेगी। वैसे भी उसके इस प्रयोजन में निशाने पर केवल कांग्रेस ही नहीं, बल्कि वे क्षेत्रीय दल भी हैं, जिनके प्रभाव वाले राज्यों में भाजपा पैठ बनाने पर काम कर रही है। बहरहाल, खड़गे के रूप में कांग्रेस के पास शायद एक अंतिम अवसर है और यदि वह उसके हाथ से निकला तो फिर सबसे पुरानी पार्टी इतिहास में सिमटने की राह पर जा सकती है।

# विश्व का आपूर्तिकर्ता बन सकता है भारत, चीन का विकल्प बनकर विकसित देश बनने की डगर भी होगी आसान

चिनफिंग के तीसरी बार राष्ट्रपति बनने की चर्चा के बीच विश्व बैंक ने चीन के लिए वित्त वर्ष 2022-23 की विकास दर का अनुमान पहले के पांच प्रतिशत से घटाकर 3.2 प्रतिशत कर दिया है। 1990 के बाद चीन पहली बार इतनी धीमी गति से बढ़ रहा है। दरअसल कई तरह के आर्थिक झटकों से चीन की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है। इसमें जीरो कोविड नीति से खपत में गिरावट, संपत्ति बाजार की लंबी चली मंदी, निर्यात मांग में गिरावट और ताइवान के प्रति उसका आक्रमक रवैया प्रमुख हैं। इसके कारण चीन के प्रति दुनिया की नकारात्मकता भी बढ़ रही है। परिणामस्वरूप चीन से होने वाली कारोबार और उत्पादन संबंधी विदेशी निवेश में रिकार्ड बढ़ोतरी हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी करीब साढ़े पांच सौ अरब डालर के स्तर पर दिखाई दे रहा है, जो दुनिया में चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स, 2022 में भारत तेजी से ऊपर चढ़ते हुए 40वें स्थान पर आ गया है। यह पूरा परिदृश्य भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का प्रतीक है। यही वजह है कि चीन में कार्यरत अमेरिका सहित विभिन्न यूरोपीय देशों की कई मैन्यूफैक्चरिंग कंपनियां चीन से निकलकर भारत के दरवाजे पर दस्तक दे रही हैं। दुनियाभर में तेजी से बदलती हुई यह धारणा भी भारत के लिए लाभप्रद है कि भारत गुणवत्तापूर्ण और किफायती



आपूर्ति में कमी आई है। इसका फायदा भारत को मिलता दिख रहा है। दुनिया के कई देश अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को चीन से दूर करने का प्रयास कर रहे हैं और भारत से संबंध स्थापित कर रहे हैं। भारत चीन का विकल्प बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत, आस्ट्रेलिया और जापान चीन पर निर्भरता को कम करने के लिए त्रिपक्षीय आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए विचार कर रहे हैं। एक नए आपूर्तिकर्ता देश के रूप में भारत के दुनिया की उम्मीदों के केंद्र बनने की संभावना के कई कारण हैं। पिछले दिनों विश्व बैंक ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2022-23 में दुनिया में सबसे अधिक 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इस समय भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसने वैश्विक मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने के लिए कई आर्थिक सुधार भी किए हैं। यहां 70,000 से अधिक स्टार्ट-अप हैं, जिनमें सौ से अधिक यूनिकार्न हैं। भारत डिजिटाइजेशन के क्षेत्र में दुनिया में अग्रणी है। वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच भारत में प्रत्यक्ष उत्पादों के निर्यात के लिहाज से एक बढ़िया प्लेटफार्म है। भारत सस्ती लागत और कार्य कौशल के मद्देनजर विनिर्माण में चीन को पीछे छोड़ सकता है। भारत की करीब 50 प्रतिशत आबादी 25 वर्ष से कम उम्र की है और इसकी एक बड़ी संख्या तकनीकी एवं पेशेवर दक्षता से सुसज्जित है।इस समय देश में आत्मनिर्भर भारत अभियान और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन स्कीम यानी पीएलआइ की गति भी तेज है। पीएलआइ स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपये आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए गए हैं। अब देश के कुछ उत्पादक चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुए हैं। इस समय वोकल फार लोकल को बढ़ावा देने और विदेशी वस्तुओं का उपयोग कम करने के साथ देश मेंप्रतिभा, उद्योग, व्यापार और प्रौद्योगिकी को तेजी से प्रोत्साहित किया जा रहा है। नई लाजिस्टिक नीति और गतिशक्ति योजना भी लागू हुई है। इनके उपयुक्त क्रियान्वयन से घरेलू और विदेशी बाजारों में भारतीय वस्तुओं की प्रतिस्पर्धा में सुधार आएगा।

# नई पेंशन प्रणाली अपनाने का समय, कर्मचारियों को बुढ़ापे में बाजार के हवाले कैसे छोड़ा जा सकता है

पुरानी पेंशन प्रणाली यानी ओपीएस को लेकर बहस के बीच हिमाचल की एक रैली में कहा गया है कि कांग्रेस सत्ता में आई तो पुरानी पेंशन बहाल करेगी। कांग्रेस ने ऐसा ही वादा गुजरात में किया है। मालूम हो कि केंद्र सरकार ने 2004 में वित्तीय बोझ को ध्यान में रखते हुए ओपीएस को खत्म कर दिया था। इसके स्थान पर राष्ट्रीय पेंशन




प्रणाली यानी एनपीएस लागू की गई। बंगाल को छोड़कर सभी राज्यों ने इसे अपना लिया। देश में एनपीएस को लागू हुए 18 साल हो चुके हैं। हाल में गले तक कर्ज में डूबे छत्तीसगढ़, झारखंड और राजस्थान ने ओपीएस लागू करने का एलान किया है। पंजाब देश का चौथा राज्य है, जो ओपीएस को बहाल करने पर विचार कर रहा है। इसमें रिटायरमेंट पर अंतिम वेतन का आधा पेंशन मिलता था, परंतु एनपीएस में किसी कर्मचारी को कितनी पेंशन मिलेगी, यह बात शेयर बाजार और बीमा कंपनियों पर निर्भर करती है। इसमें कर्मचारी पेंशन के लिए अपने वेतन का 10 प्रतिशत और सरकार 14 प्रतिशत का योगदान करती है। कर्मचारी सेवानिवृत्ति के पश्चात इसमें जमा कुल रकम का 60 प्रतिशत एकमुश्त निकाल सकता है और शेष 40 प्रतिशत धनराशि से बीमा कंपनी का एन्युटी प्लान खरीदना होता है, जिस पर मिलने वाले ब्याज की राशि हर महीने पेंशन के रूप में उस कर्मचारी को दी जाती है। एनपीएस में महंगाई भत्ता और वेतन आयोग का फायदा भी नहीं मिलता। परिणामस्वरूप दो लाख रुपये प्रति माह वेतन पाने वाले लोगों का पांच से 10 हजार रुपये तक पेंशन बन रही है। इस वजह से कर्मचारियों में इसके प्रति असंतोष रहा है और वे पुरानी पेंशन प्रणाली की बहाली की मांग कर रहे हैं। पेंशन कर्मचारियों का हक है। इसे रेवड़ी संस्कृति यानी 'फ्रीबीज' मानना अनुचित है। ध्यान रहे कि इन्हीं कर्मचारियों के टैक्स के एक बड़े भाग से देश में कई लोक-लुभावन योजनाएं चलाई जा रही हैं। केंद्र एवं राज्य सरकारों को इन कर्मचारियों की भावनाओं और चुनौतियों को समझना चाहिए। एक कर्मचारी का ज्यादातर समय कार्यालय के कार्यों में व्यतीत हो जाता है। ऐसा व्यक्ति नौकरी के लिए परिवार एवं समाज से दूर होता है।

# देश में भ्रष्टाचार रोकने में क्रांतिकारी सिद्ध होती डीबीटी योजना, अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भी कर रहीं तारीफ


इस देश में हर स्तर पर 'आपदा में अवसर' तलाशने वालों का जमावड़ा हो, वहां केंद्र से भेजे गए एक रुपये में से पूरे सौ पैसे गरीबों तक पहुंच रहे हैं तो इसे एक बड़ी उपलब्धि ही माना जाएगा। उल्लेखनीय है कि 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने सूखा प्रभावित कालाहांडी दौरे पर कहा था कि सरकार जब भी एक रुपया खर्च करती है तो लोगों तक 15 पैसे ही पहुंच पाते हैं। वह रिसाव से उपजे भ्रष्टाचार की बात कर रहे थे। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण योजना (डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर यानी डीबीटी) को बड़े पैमाने पर शुरू किया था तब विरोधियों ने कहा था कि भारत जैसे पिछड़े देश में यह योजना भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम करेगी, लेकिन आज दुनिया इस योजना की प्रशंसा कर रही है। यह विडंबना है कि एक ओर विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष डीबीटी एवं खाद्य सुरक्षा योजना की प्रशंसा कर रहे हैं तो दूसरी ओर वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत को पिछले साल की तुलना में सात पायदान नीचे (107) दिखाया जा रहा है। इस विडंबना का कारण है कि भुखमरी सूचकांक जिन चार संकेतकों के आधार पर तैयार किया जाता है, उनमें तीन बच्चों से जुड़े हैं जो संपूर्ण आबादी की जानकारी नहीं देते। चौथा और सबसे महत्वपूर्ण सूचकांक कुल जनसंख्या में कुपोषित आबादी का है। इस सूचकांक को भी 138 करोड़ वाले देश के मात्र 3,000 लोगों के आधार पर तय किया गया। इसी कारण भारत सरकार ने इस रिपोर्ट को सिरे से नकार दिया। रिपोर्ट में जिस श्रीलंका को 64वें पायदान पर रखा गया है, वहां आर्थिक उथल-पुथल के बीच भारत द्वारा भेजी गई खाद्य सामग्री से ही स्थिति नियंत्रण में आई। इससे रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर अपने आप सवाल उठने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार किया है, जिससे राशन प्रणाली के अनाज की कालाबाजारी, तस्करी थम गई है। इसे विश्व बैंक के अध्यक्ष डेविड मालपास ने भी स्वीकार किया है। उनके अनुसार कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने गरीब और जरूरतमंद लोगों को जिस प्रकार समर्थन दिया, वह असाधारण है। गरीबी एवं पारस्परिक समृद्धि नामक रिपोर्ट जारी करते हुए डेविड मालपास ने कहा कि अन्य देशों को भी व्यापक सब्सिडी के बजाय भारत की तरह लक्षित नकद हस्तांतरण जैसा कदम उठाना चाहिए। डेविड मालपास ने कहा कि महामारी की सबसे बड़ी कीमत गरीब और कमजोर लोगों को चुकानी पड़ी है। डीबीटी के जरिये भारत ग्रामीण क्षेत्र के 85 प्रतिशत परिवारों और शहरी क्षेत्र के 69 प्रतिशत परिवारों को खाद्य एवं नकदी समर्थन देने में सफल रहा। डीबीटी योजना में जैम त्रिकोण यानी जन-धन, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इससे बीच में पैसा हजम करने वाले बाहर हो गए। भारत सरकार ने 2020-21 के दौरान डीबीटी के माध्यम से 5.52 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभाथिर्यों के बैंक खातों में भेजे जो 2021-22 में बढ़कर 6.3 लाख करोड़ रुपये हो गए। 2015 से अब तक 25 लाख करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजे जा चुके हैं। इसमें से 56 प्रतिशत धनराशि पिछले ढाई साल में हस्तांतरित की गई। स्पष्ट है कोरोना संकट के दौरान डीबीटी जीवन रक्षक साबित हुई। आज केंद्र सरकार के 53 मंत्रालयों की 319 योजनाएं डीबीटी से जुड़ी हैं। राज्य सरकारों की योजनाओं को जोड़ दिया जाए तो कुल 450 से अधिक योजनाओं में गरीबों को लाभ देने के लिए डीबीटी का उपयोग किया जा रहा है। इन योजनाओं से 105 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इनमें से कई लोगों को एक से अधिक योजनाओं का लाभ मिल रहा है। 2021-22 में डीबीटी के तहत 783 करोड़ ट्रांजेक्शन हुए। डिजिटल इंडिया के माध्यम ने उदाहरण प्रस्तुत किया है कि प्रौद्योगिकी का सही इस्तेमाल पूरी मानवता के लिए कितना क्रांतिकारी है। आठ-दस साल पहले जन्म प्रमाण पत्र, बिल जमा करने, राशन, प्रवेश, रिजल्ट और बैंकों के लिए भी लाइन लगती थी, लेकिन अब ये सेवाएं डिजिटल होने से सुलभ, तेज और सस्ती हो गई हैं। डिजिटल इंडिया ने सरकार को नागरिकों के द्वार और फोन तक पहुंचा दिया है। पांच लाख से अधिक कामन सर्विस सेंटर और ग्रामीण स्टोर अब ई कामर्स को ग्रामीण भारत में लेकर जा रहे हैं। अब सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। मोदी सरकार के प्रयासों से देश में डाटा की कीमत बहुत कम है। इसी कारण छोटे व्यापारी, उद्यमी, कारीगर इन सभी को डिजिटल इंडिया ने मंच दिया। आज रेहड़ी-पटरी वाला भी कह रहा है कि कैश नहीं यूपीआइ कर दीजिए तो यह मोदी सरकार की डिजिटल इंडिया मुहिम का ही नतीजा है। हाल में 5जी सेवा लांच करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत सरकार का उद्देश्य सभी भारतीयों को इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस तकनीक को सिर्फ वायस काल या वीडियो देखने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसमें नई क्रांति होनी चाहिए। डिजिटल इंडिया अभियान का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इससे योजनाओं के क्रियान्वयन की सटीक जानकारी हो जाती है, जिससे वे समय पर पूरी हो जाती हैं। घर-घर बिजली पहुंचाने की योजना हो या हर रसोईघर तक गैस सिलेंडर, आज योजनाएं समय से पहले लक्ष्य हासिल कर रही हैं तो उसका कारण मोदी सरकार की डिजिटल निगरानी प्रणाली ही है।



## संक्षिप्त समाचार

### सूडान में भूमि विवाद को लेकर दो दिन तक चला खूनी संघर्ष

**काएरो।** सूडान के दक्षिणी ब्लू नाइल राज्य में भूमि विवाद के चलते जातीय संघर्ष में 170 लोगों की मौत हो गई। दो आदिवासी समुदायों के बीच यह लड़ाई दो दिन तक चली। सुडान में हुई यह हिंसक घटना हाल के महीनों में सबसे खराब में से एक है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ब्लू नाइल राज्य में पिछले



हफ्ते हौसा लोगों और प्रतिद्वंद्वी समूहों के सदस्यों के बीच भूमि विवाद पर बहस के बाद आपस में लड़ाई शुरू हो गई। यह लड़ाई राजधानी खार्तूम से करीब 500 किलोमीटर दूर दक्षिण में रोजेयर्स के पास वाड अल-माही क्षेत्र के आसपास हुई है। मिली जानकारी के अनुसार केवल बुधवार और गुरुवार के बीच महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गी सहित कुल 170 लोग मारे गए हैं। बुधवार को वाड अल-माही क्षेत्र के निवासियों ने भीषण गोलीबारी और घरों में आग लगने की सूचना दी। हाल ही में मारे गए लोगों के लिए न्याय की मांग के साथ पूरे सूडान में गुस्से का विरोध शुरू हो गया है। जुलाई के अंत तक क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं ने दुश्मनी को समाप्त करने पर सहमति व्यक्त की थी। इसके बावजूद सितंबर में फिर से लड़ाई की घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीं, मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने बताया कि पिछले हफ्ते उसी क्षेत्र में भूमि विवाद के कारण हुई झड़पों में कम से कम 13 लोग मारे गए थे। 24 घायल हुए थे। तब से अधिकारियों ने इस क्षेत्र में हिंसा को रोकने के लिए रातभर का कर्फ्यू लगा दिया था। ओसीएचए द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हौसा लोगों और अन्य समूहों के बीच पहली बार जुलाई में लड़ाई शुरू हुई थी। अक्टूबर की शुरुआत तक कुल 149 लोग मारे गए थे। 124 घायल हुए थे। साथ ही संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इस क्षेत्र में हो रही हिंसा के कारण करीब 65,000 लोगों को अपना घर छोड़ने को मजबूर होना पड़ा है।बता दें कि सूडान पिछले साल के सैन्य तख्तापलट के बाद से गहरी राजनीतिक अशांति और एक बढ़ते आर्थिक संकट से जूझ रहा है। इसका नेतृत्व सेना प्रमुख अब्देल फतह अल-बुरहान ने किया था। तीन दशकों तक शासन करने वाले मजबूत उमर अल-बशीर के 2019 के बाद सत्ता से बाहर हो गए थे।

# ईश्वर दर्शन से जीवन का हर एक क्षण उत्सव बन जाएगा – साध्वी कालिंदी भारती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा श्रीमद्भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के भव्य आयोजन का भावपूर्ण समापन हुआ। कथा के अंतिम दिवस साध्वी कालिंदी भारती जी ने श्री कृष्ण और रुक्मिणी विवाह का विस्तारपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि देवी रुक्मिणी जी भी ब्राह्मण की सहायता से ही श्रीकृष्ण से मिल पाई।आज श्रीकृष्ण-रुक्मिणी के विवाह उत्सव में सभी श्रद्धालुगण खुश होकर झूमे और नाचे, ऐसे ही पूर्ण गुरु द्वारा ईश्वर दर्शन होने पर आत्मा भी आन्नदमगन हो नाच उठती है और फिर जीवन का हर दिन आनंद उत्सव बन जाता है! आत्मा और परमात्मा का मिलन है यह विवाह, जो भक्त को भगवान की शाश्वत भक्ति से जोड़ता है इस अवसर पर दीप प्रज्वलित करते हुए श्री तेजपाल सिह नागर जी मा.विधायक दादरी, संयोजक मानसिह चौहान करतार सिहँ चौहान, बिजेन्द्र सिह मुशी जी, डा.वी.एस. चौहान मुख्य यजमान, मुकुल वाजपेई मिडिया प्रभारी,योगेन्द्र चौहान, सतेन्द्र नागर, ओमबीर भाटी ,सुमेर रावत आदि उपस्थित रहे।इस अवसर पर संस्थान के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए साध्वी जी ने कहा कि पंजाब में गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी ने उस समय संस्थान की शुरुआत की जब चारों और आतंकवाद की घोर कालिमा थी। उस समय चंद लोगों को लेकर शुरु हुआ यह संस्थान आज विश्व स्तरीय ख्याति प्रींप्त कर चुका है जिसके करोड़ों की संख्या में अनुयाई हैं। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान का उद्देश्य धर्म को व्यवसाय बनाना नहीं बल्कि ब्रह्मज्ञान के माध्यम से धर्म को जन-जन में प्रचारित करना है क्योंकि धर्म प्रदर्शन नहीं अपितु दर्शन का विषय है। आध्यात्मिक व सामाजिक तथ्यों से परिपूर्ण इस विलक्षण व रोचक कथा को श्रवण कर नोएडा वासी आनंद विभोर हो उठे। कथा के समापन पर पूर्णाहुति व हवन यज्ञ का भी अयोजन किया गया।

# सतेन्द्र शर्मा बने हिमाचल प्रदेश के सह पर्यवेक्षक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** शहर के गांव हरौला निवासी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी



के पूर्व सदस्य पूर्व महासचिव वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतेन्द्र शर्मा को कांग्रेस पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए हिमाचल प्रदेश की रेणुकाजी विधानसभा जिला सिरमौर का सहपर्यवेक्षक नियुक्त किया है सतेन्द्र शर्मा, नोएडा ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व कांग्रेस पार्टी की चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी , कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खडगे ,कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी , राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी , लोकप्रिय नेता मार्गदर्शक राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ,कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद हिमाचल प्रदेश के प्रभारी राजीव शुक्ला का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।

# किसानों ने मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** दादरी एनटीपीसी परियोजना से प्रभावित 24 गांव को समान मुआवजा समान नौकरी



स्वास्थ्य शिक्षा और फ्री बिजली पर प्रदर्शन जिसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा किसानों ने चेतावनी दी है कि 30 अक्टूबर तक यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं होता है तो वह आगे की रणनीति बनाकर आंदोलन को तेज करेंगे भारती के साथ परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने बताया कि एनटीपीसी परियोजना से 24 गांव प्रभावित हैं जो पिछले 30 सालों से अपनी मांगों को उठाते रहे हैं जिंदगी मांगे आज तक पूरी नहीं की गई इसी परिप्रेक्ष्य में आज सिटी मजिस्ट्रेट के यहां धरना प्रदर्शन किया गया और किसानों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि यदि किसानों को सही समय पर मुआवजा और सभी सुविधाएं सरकार द्वारा नहीं मुहैया कराई जाती हैं तो हम लोग आमरण अनशन के लिए बाध्य हो जाएंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# भ्रष्टाचार विरोधी अभियान की आड़ में चीनी राष्ट्रपति ने राजनीतिक विरोधियों को रास्ते से हटाया

**बीजिंग।** हाल ही में चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी का अधिवेशन हुआ। इसके बाद से राष्ट्रपति शी चिनफिंग को तीसरे



कार्यकाल के लिए फिर से निर्वाचित किया जाना लगभग तय माना जा रहा है। इस बीच, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग पर आरोप लग रहा कि भ्रष्टाचार विरोधी अभियान की आड़ में उन्होंने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कुचल दिया है। चीनी राष्ट्रपति ने खुद को मजबूत करने के लिए उन सभी विरोधियों को रास्ते से हटाना शुरू किया, जो उनकी राजनीति में दखल देने में लगे हुए थे। इतालवी मीडिया आउटलेट डिफेसा ने चीनी राष्ट्रपति को लेकर ये गंभीर दावे किए है इतालवी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार जब से चीनी शी चिनफिंग ने जब से राष्ट्रपति का पदभार संभाला है, तब से वे देश की राजनीतिक परिस्थितियों के लेकर बेहद चितिंत थे। चीन के सरकारी धन ने पार्टी के भीतर कई प्रभावशाली गुटों को भ्रष्टाचार के व्यापक रूपों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। शी जिनपिंग पार्टी में एकजुटता लाने और के लिए भ्रष्ट कार्यकर्ताओं पर नकेल कसनी पड़ी। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारी ने कहा कि शी जिनपिंग के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान ने पिछले एक दशक में लगभग 50 लाख लोगों की जांच की है। एनएचके वर्ल्ड की रिपोर्ट के अनुसार पार्टी के केंद्रीय अनुशासन निरीक्षण आयोग ने सोमवार को पिछले 10 सालों में अपनी उपलब्धियों के बारे में बताया। यह बैठक पार्टी की 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस के मौके पर आयोजित की गई थी। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि संभावित भ्रष्टाचार और अनुशासन की अन्य खामियों के लिए 4.64 मिलियन ( करीब 50 लाख ) से अधिक सदस्यों की जांच की गई है।

# अर्घ्य हेतु छठ घाटों का निर्माण करने व छठ घाटों पर जल, प्रकाश सफाई की उचित व्यवस्था करने की प्राधिकरण से मांग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।**अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व श्री



सूर्यदेव पूजा समिति के अध्यक्ष मुनन कुमार शर्मा ने नौएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु महेश्वरी से सूर्यापासना के महान पर्व छठ पूजा के अवसर पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए नोएडा के विभिन्न क्षेत्रों में छठघाटों का निर्माण कराने की मांग की है।उन्होंने छठघाटों में स्वच्छ जल,प्रकाश,सफाई आदि की उत्तम व्यवस्था करने की मांग की है।उन्होंने प्राधिकरण सीईओ से कहा है कि छठ पूजा सूर्यापासना का महानतम पर्व है।नोएडा में रहने वाले बिहार-पूर्वांचल के लाखों लोग लोक आस्था के महापर्व छठ को धूमधाम से मनाते हैं।उन्होंने कहा कि 30 एवं 31 अक्टूबर को हजारों छठव्रती छठघाटों में प्रवेश कर भगवान भास्कर को जल और दूध अर्पण करेंगे।इसलिये छठघाटों में स्वच्छ जल, प्रकाश एवं सफाई की उत्तम व्यवस्था की जाए।उन्होंने कहा कि छठव्रतियों को अर्घ्य अर्पित करने में सहयोग मात्र से भगवान सूर्य का आशीर्वाद मिलता है। श्री सूर्यदेव पूजा समिति के अध्यक्ष मुनन कुमार शर्मा ने बताया कि अर्घ्य हेतु सेक्टर-75 में गोल्फसिटी, प्लाट-8 और पंचशील प्रतिष्ठा के बीच सेंट्रल पार्क में तालाब का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।साथ-ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी तैयारी चल रही है।सेक्टर-75 के सेंट्रल पार्क में क्षमा पांडेय, प्रीति प्रकाश, पिंकी मंडल, देवेश कुंदन सहित प्रख्यात गायकों और गायिकाओं के द्वारा भोजपुरी,हिंदी, मैथिली, मगही, अंगिका,पंजाबी सहित कई भाषाओं में गीत-संगीत का भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा।

# दीदी की रसोई ट्रस्ट ने धूमधाम से मनाया दीपावली समारोह, बच्चों व जरूरतमंदों को बांटा निशुल्क भोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।**दीदी की रसोई ट्रस्ट ने शिव नगरी सेक्टर- 17, नोएडा पर ट्रस्ट



की अध्यक्ष- रितु सिन्हा, सचिव- सुरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष- गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में दीपावली समारोह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधिकारी व ट्रस्ट की वरिष्ठ पदाधिकारी प्रीति गुप्ता, अल्पना तोमर, रेनू बाला, श्वेता दुबे, सरिता, सुरेश अग्रवाल, राहुल भाटी, गंगेश्वर दत्त शर्मा, रितु सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलन करने के साथ हुई। इस अवसर पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है जो हमें बुराइयों पर अच्छाई की जीत व द्वेष वैर भाव भुलाकर प्रेम का संदेश देता है। साथ ही उन्होंने ट्रस्ट की ओर से सभी क्षेत्र व देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं व बधाई देते हुए कामना व्यक्त किया कि दीपावली का पर्व सभी के लिए मंगलमय सुखमय हो। साथ ही टीम की वरिष्ठ पदाधिकारी प्रीति गुप्ता जी का केक काटकर जन्मदिन मनाया और उन्हें सभी ने जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाजसेवीका रितु सिन्हा ने समाज सेवा व अच्छे कार्यों के लिए ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ल (पत्रकार) एवं अन्य मीडिया बंधु जनों को सम्मानित किया। तथा टीम सदस्यों ने रितु सिन्हा के जन सेवा के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर सेक्टर- 17, नोएडा मजदूर बस्ती के सैकड़ों बच्चों व जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन का वितरण किया गया।

# जिला अस्पताल में भर्ती सर्वेश को देखने पहुंचे सपा नेता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** निठारी चौराहे पर सोमवार को बदहवास हालत में मिला सर्वेश



जिसके बाएं कंधे पर बहुत बड़ा घाव था और घाव से कीड़े निकल रहे थे। उसको समाज सेवी अर्जुन प्रजापति एवं युवा क्रांति सेना के संस्थापक अविनाश सिंह की मदद से सेक्टर 30 के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार को सपा नोएडा ग्रामीण के महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे व अर्जुन प्रजापति इलाज करा रहे सर्वेश से मिले और उसकी सेविंग कराई ,चाय नाश्ता दिया। डॉक्टर से मुलाकात कर सर्वेश के इलाज की जानकारी ली। इस अवसर पर सपा नोएडा ग्रामीण के महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने बताया कि पहले से सर्वेश की हालत ठीक है। उसके घाव की ड्रेसिंग हो रही है लेकिन अभी भी घाव से कीड़े निकल रहे हैं। भर्ती करते समय सर्वेश के घाव से जब काफी बदबू आ रही थी तो कोई डॉक्टर ड्रेसिंग करने को तैयार नहीं था ऐसे में स्वास्थ कर्मी श्यामवीर ने मानवता दिखाते हुए उसकी ड्रेसिंग करते हुए घाव से कीड़े निकाले। हमलोग लगातार मरीज एवं डॉक्टरों के संपर्क में है जिससे उसका अच्छी तरह से इलाज हो सके। सर्वेश से पूछताछ की तो वह तिर्वा फर्रुखाबाद का बता रहा है इससे ज्यादा वह नहीं बता पा रहा है। सभी से निवेदन करना चाहूंगा कि वह ऐसे असहाय लोगों की मदद अवश्य करें। मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है।इस मौके पर अर्जुन प्रजापति,अखिलेश पाल, जय प्रकाश मौजूद रहे।

# सपा नेता पंकज झा को हुआ पितामह शोक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के नोएडा महानगर के निवर्तमान जिला कार्यकारणी सदस्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी पंकज झा के पितामह श्री सुभद्र झा सेवा निवृत्त शिक्षिक



बिहार सरकार का देहांत आज 19 अक्टुबर 2022 को हुआ । ऐ लगभग 82 साल के थे। अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड कर गये ।मुखागिन उनके बडे पुत्र सपा नेता के पिता श्री सीताराम झा ने दिये। समाज वादी पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने सपा नेता पंकज झा को सान्त्वना देने उनके आवास पर पहुंचे।

# चुनावों में बाइडन ने चला रूस-यूक्रेन युद्ध का दांव, बोले- अगर रिपब्लिकन जीते तो रुक जाएगी जेलेंस्की को मदद

**पिट्सबर्ग।** अमेरिका में आने वाले दिनों में कांग्रेस (संसद) के मध्यावधि चुनाव होने वाले हैं। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को रूस-यूक्रेन युद्ध का जिक्र कर रिपब्लिकन पार्टी को घेरने की कोशिश की। उन्होंने अमेरिकियों को आगाह करते हुए कहा कि यदि रिपब्लिकन 8 नवंबर के चुनावों में अमेरिकी कांग्रेस के एक या दोनों सदनों पर नियंत्रण हासिल करते हैं तो यूक्रेन को अमेरिका मदद नहीं कर सकेगा और रूस फिर से युद्ध में हावी हो जाएगा।

# न्याय मंत्री का बयान खतरनाक और चौकाने वाला है- प्रमोद तिवारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** प्रमोद तिवारी, सांसद, राज्य सभा, एवं सदस्य, केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने कहा है कि आज भारत के विधि एवं न्याय मंत्री किरन रिजिजू जी के पांचजन्य मे छपे लेख से उनका खतरनाक और चैकाने वाला बयान सामने आया है, जिसमे उन्होने कहा है कि न्यायाधीषों की नियुक्ति मे कॉलेजियम प्रणाली पर सहमत नही है। न्याय का प्रचिलित एवं प्रति पादित सिद्धांत न्याय होना ही नही चाहिए बल्कि न्याय होता हुआ दिखना भी चाहिए। ज्यादातर वाद मे सरकारी एक वादी या प्रतिवादी पक्ष होती है। ऐसी स्थिति मे सरकार द्वारा नामित न्यायाधीष फैसला करेंगे तो उनकी भी वही स्थिति होगी जो आज सरकार द्वारा योग्यता हटाकर पार्टी के प्रति निष्ठा के आधार पर ज्यादातर सरकारी वकीलो का चयन किया जा रहा है और जहॉ ऐसा चयन हो रहा है उनकी कार्य दक्षता पर स्वयं वरिष्ठ अधिवक्ता सवाल उठा रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा है कि सरकारे आती- जाती रहती है कानून मंत्री और प्रधानमंत्री बदलते रहते हैं परन्तु न्याय पालिका से जुड़ा हुआ न्याया धीष पहले दिन से और अपने कार्य दिवस के अन्तिम दिन तक न्यायपालिका से जुड़े अधि वक्ताओं को करीब से देखते हैं और उनकी कार्य दक्षता को बेहतर पहचानते है। आज भी कॉलोजियम संस्तुति करती है फिर केन्द्रीय



सरकार से सिफारिश करती है, उनके आचरण एवं उनके चरित्र प्रमाणपत्र सरकार ही देती है तथा केन्द्र सरकार की राय के बाद ही महामहिम राष्ट्रपति को संस्तुति के लिए भेजा जाता है। ऐसी व्यवस्था जो बहुत दिनो से चली आ रही है, उस पर यह कहना कि पहले के न्यायाधीश, प्रमुख न्यायाधीश वरिष्ठ होते थे यह आज के वरिष्ठ न्यायधीषों एवं पूरी न्यायपालिका का अपमान है और अविष्वास है। श्री तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार के कानून मंत्री का अविष्वास इस ओर इषारा करता है कि क्या सरकार की कुछ मनमानी के प्रति न्यायपालिका के न्याय देने पर सरकार इसे स्वीकार नही कर पा रही है अथवा कोई और इरादा है। भारत की न्यायपालिका की प्रतिष्ठा और उसका मान-सम्मान पूरी दुनिया मे है और बाहर की ओर ही देखना है तो फिर वहा सेवानिृत्ति की आयु, वेतन, भत्ता और सुविधाऐ बढ़ाने पर विचार करें। यह प्रकरण यदि संसद मे आया तो मैं इसका विरोध करूंगा और इस पर अब तक के स्थापित विधि आयोग की रिपोर्ट पर खुली चर्चा सदन के अन्दर और बाहर चहूंगा। एक बात से कोई इन्कार नही कर सकता कि आज भी भारत देष मे अगर अन्याय से पीड़ित कोई व्यक्ति होता है तो वह यही कहता है कि मै न्याय के लिए मा. उच्च न्यायालय से मा. सर्वोच्च न्यायालय तक लड़ूंगा। यह दिखाता है कि आम जनता का विष्वास न्यायपालिका मे है। श्री तिवारी ने कहा कि मै भारत के मानीय न्याय मंत्री से जानना चाहता हूॅ कि क्या वे न्यायपालिका की स्थिति भी उन सरकारी संवैधानिक एजेंसियो की तरह करना चाहते है जिनकी कार्य करने की शैली और विष्वसनीयता पर आज प्रष्न वाचक चिह्न लग रहे हैं ।

# अमेरिका ने कहा हमारे पास पुख्ता सबूत, 'क्रीमिया में ईरानी सैनिकों ने रूसी ड्रोन हमलों का किया समर्थन'

**वाशिगंटन।** व्हाइट हाउस ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका के पास इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि ईरानी सैनिक क्रीमिया में युद्ध के मैदान में सीधे रूप से सक्रिय हैं और वे यूक्रेन के नागरिकों और बुनियादी ढांचे पर ड्रोन हमले करने में रूस की मदद कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने संवाददाताओं से कहा कि ईरान ने 'अपेक्षाकृत कम संख्या' में सैनिक क्रीमिया भेजे हैं, जो यूक्रेन पर ईरान निर्मित ड्रोन के जरिये हमले करने में रूस की सहायता कर रहे हैं। क्रीमिया यूक्रेन का वह हिस्सा है, जिस पर रूस ने 2014 में बल प्रयोग के जरिये अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करते हुए कब्जा जमा लिया था। किर्बी ने कहा, 'हमारे पास जानकारी है कि ईरानियों ने क्रीमिया में अपने प्रशिक्षकों और तकनीकी सहायकों को भेजा है, लेकिन यूक्रेन में ड्रोन हमलों को रूसी ही अंजाम दे रहे हैं।अमेरिका ने पहली बार गमिर्यों में खुलासा किया था कि यूक्रेन पर हमलों के लिए रूसी सेना ईरान से मानवरहित विमान खरीद रही है। हालांकि, ईरान ने रूस को हथियार बेचने की खबरों को खारिज किया है। ईरान रूस की मदद के लिए कर रहा है क्रीमिया की सहायत किर्बी ने दावा किया कि ईरान ने रूस की मदद के लिए क्रीमिया में प्रशिक्षकों और



तकनीकी सहायता को रखा है जो यूक्रेन में ड्रोन हमलों को रूसी ही अंजाम दे रहे हैं। अमेरिका ने खुलासा किया था कि यूक्रेन पर हमलों के लिए रूसी सेना ईरान से मानवरहित विमान खरीद रही है। हालांकि, ईरान ने रूस को अपने हथियार बेचने से इनकार किया है।बाइडेन प्रशासन ने संवेदनशील क्षण में रूस के युद्ध में सहायता करने में ईरान की भागीदारी के बारे में और विवरण जारी किया। ईरानी सुरक्षा हिरासत में मारे गए 22 वर्षीय महसा अमिनी की मौत के कारण सरकार विरोधी विरोध प्रदर्शनों पर क्रूर कार्रवाई पर प्रशासन ने ईरान के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, तेहरान रूस को ईरानी-निर्मित ड्रोन के साथ यूक्रेनी नागरिक लक्ष्यों पर बमबारी करने में मदद कर रहा है क्योंकि बाइडेन प्रशासन अंतरराष्ट्रीय दबाव को रोकने के लिए चाहता है।

# मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में जमीं पर उतरे सितारे, कटरीना-ऐश्वर्या से नहीं हटा पाएंगे नजरें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में एक के बाद एक दिवाली पार्टी में सेलेब्स अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। लास्ट नाइट डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने अभिषेक ने उसका हाथ पकड़ लिया। फैंस को अभिषेक का यह अंदाज काफी पसंद आया। पार्टी में अभिषेक की बहन श्वेता नंदा और उनकी बेटी नव्या नवेली नंदा को पेंटी ने हरे रंग की साड़ी पहनी थी। अथिया शेट्टी भी नीले रंग की साड़ी में थीं। जेनेलिया को लाल रंग की साड़ी में देखा गया क्योंकि वह पति रितेश देशमुख के साथ बैश में गई



अपने घर पर शानदार दिवाली बैश का इंतजाम किया था। जिसमें स्टार-स्टड दिवाली पार्टी में शामिल होने के लिए एक साथ आए। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन से लेकर कटरीना कैफ और विक्की कौशल तक सभी एथनिक अवतार में फैशन डिजाइनर के घर नजर आए। पिंक शरारा में नजर आईं ऐश्वर्या राय बच्चन मनीष मल्होत्रा की पार्टी में ऐश्वर्या राय गुलाबी रंग के शरारा सूट में पहुंचीं जबकि अभिषेक लाल कुर्ता पायजामा में उनके साथ शामिल हुए। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में मेन गेट की ओर जाने वाली कुछ सीढि़यां चढ़ते ही भी देखा गया।इस दिवाली पार्टी के लिए विक्की कौशल ने ब्लैक शेरवानी सलेक्ट किया। कटरीना उनके साथ सिंपल फिरोजी कलर की साड़ी में नजर आईं। दोनों ने मनीष के घर के बाहर पैपराजी के लिए एक साथ पोज दिए। कटरीना को लाल साड़ी में करिश्मा कपूर को बधाई देते हुए भी देखा गया। कटरीना की बहन इसाबेल कैफ भी क्रीम लहंगे में नजर आईं। पार्टी में कई और लोगों को साड़ी में स्पॉट किया गया। इस मौके पर कियारा आडवाणी, काजोल और रिया चक्रवर्ती ने भी एथिनक लुक कैरी किया। कृति सैनन ने लैवेंडर साड़ी पहनी थी जबकि डायना थीं। ब्लैक कलर की साड़ी में कढ़ाई वाले ब्लाउज के साथ मलाइका अरोड़ा स्टनर थीं। पार्टी में स्पॉट किए गए लोगों में रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी भी शामिल थे। उन्होंने इस मौके के लिए कलरफुल लहंगा कैरी किया था। पति डॉ श्रीराम नेने के साथ पहुंची माधुरी दीक्षित भी साड़ी में नजर आईं। आयुष्मान खुराना और पतने ताहिरा कश्यप भी नजर आए। कार्तिक आर्यन, सिद्धांत चतुर्वेदी उस बैश का हिस्सा थे, जिसमें जाह्नवी कपूर, उनकी बहन खुशी कपूर, कजिन शनाया कपूर और शाह रुख खान की लाडली सुहाना खान भी शामिल थीं।

# जाह्नवी कपूर को जब श्रीदेवी की वजह से मूंछ के साथ करना पड़ा था शूट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर बॉलीवुड में अपनी खूबसूरती और स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। सोशल मीडिया पर भी एक्ट्रेस को मिलियन्स में लोग फॉलो करते हैं, लेकिन इस बार जो जानकारी सामने आई है वह उनके फैंस को जरूर चौंकाने वाली है। जाह्नवी ने एक्ट्रेस लगातार फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। हाल ही में जाह्नवी ने 'फिल्म कैंपेनियन' को इंटरव्यू दिया। बातचीत में एक्ट्रेस ने अपनी लाइफ के ट्रेजिक मोमेंट को याद करते हुए बताया कि उनका पहला शूट पीपुल्स मैगजीन के लिए था और वह उनकी जिंदगी का सबसे बुरा वक्त था। एक्ट्रेस ने कहा कि वह वैक्स नहीं करने देती थीं, और मेरी मूंछें थी। मैंने मैगजीन कवर के लिए पूरी तरह उगी हुई मूंछ और हाथ पर ढेर सारे बाल के साथ शूट किया। यह मुझे मेरी जिंदगी के सबसे भयानक दिनों की याद दिलाता है। जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो मिली के





हाल ही में अपने जीवन के सबसे बुरे दौर के बारे में बात की और बताया कि करियर के शुरुआत में उन्हें किस तरह की प्रॉब्लम का सामना करना पड़ा था, इसका जिम्मेदार कोई और नहीं, बल्कि उनकी मां श्रीदेवी थीं। जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म मिली को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म जल्द रिलीज होने वाली है, ऐसे में शूट मैग्जीन के कवर गर्ल के लिए था और उस वक्त उनके चेहरे पर मूंछ थी हाथों पर बड़े-बड़े बाल थे, लेकिन वह इसे हटा नहीं सकती थीं क्योंकि उस दौरान उनकी मां श्रीदेवी उन्हें वैक्स नहीं करवाने देती थीं। जाह्नवी ने कहा, ओह नो! वह मेरे जीवन का ट्रैजिक समय था, बेहद बुरा दौर था। मां मुझे अलावा उनकी कई फिल्में पाइपलाइन में है। मिली इस साल 4 नवंबर को रिलीज होने वाली है। इसके बाद उनके पास फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही है। इस फिल्म में उनके साथ राजकुमार राव लीड रोल में हैं। वरुण धवन के साथ जाह्नवी फिल्म बवाल की शूटिंग भी कर रही हैं।

# ओटीटी रिलीज को तैयार है रणबीर आलिया की ब्रह्मास्त्र डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर इस दिन होगी स्ट्रीम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आने वाले दिनों में ओटीटी स्पेस प्लेटफॉर्म पर कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक या दो नहीं, बल्कि कम से कम पांच फिल्में रिलीज हो रही हैं, जिसमें इस साल की बड़ी फिल्म ब्रह्मास्त्र भी शामिल है।



इसका मतलब है कि फिल्मों के शौकीनों को फेस्टिव सीजन में मनोरजंन का भरपूर पैकेज मिलने वाला है। हालांकि, ब्रह्मास्त्र रिलीज के लिए एक नहीं दो तारीखें सामने आई हैं। तो आइये बताते हैं कि ब्रह्मास्त्र किस प्लेटफॉर्म पर और कब रिलीज हो सकती है। सुपर हीरो फैंटेसी फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' बॉलीवुड की इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में शुमार रही। यह मूवी 9 सितंबर को रिलीज हुई थी और तब से लेकर अब तक इसने 400 करोड़ से अधिक का बिजनस वर्ल्डवाइड कर लिया है। फिल्म को मिल रहे रिस्पांस ने बॉलीवुड वालों को भी थोड़ी राहत दी है क्योंकि ठीकठाक संख्या में दर्शक इसे देखने थिएटर्स में पहुंचे। फिल्म को देखने का एक क्रेज आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की जोड़ी को देखना भी था, जो पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आए हैं। सिनेमाघरों में धमाका करने के बाद अब इस फिल्म को ओटीटी पर भी रिलीज किए जाने की चर्चा है। ब्रह्मास्त्र को ओटीटी के डिजनी प्लुस हॉटस्टार पर रिलीज किया जा सकता है। ऐसी चर्चा है कि यह फिल्म 23 या 24 अक्टूबर को डिजनी प्लुस हॉटस्टार पर रिलीज की जाएगी। एक अन्य डेट 4 नवंबर भी निकल कर सामने आई है। हालांकि, रिलीज डेट की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन संभावना है कि अगर सब कुछ सही रहा तो फिल्म इन तारीखों में से किसी एक दिन ओटीटी पर रिलीज की जाएगी। इसका यह भी मतलब है कि थिएटर में रिलीज के बाद और ओटीटी पर आने से पहले फिल्म को छह हफ्ते की एक्सक्लूसिव विंडो मिलेगी। अमूमन थिएट्रिकल रिलीज के बाद किसी भी फिल्म को चार से आठ हफ्तों के गैप में ओटीटी पर रिलीज किया जाता है। ब्रह्मास्त्र की ओटीटी रिलीज की खबरों के बीच फैंस बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने फिल्म के जल्द से जल्द रिलीज किए जाने की मांग की है। एक यूजर ने लिखा, 'क्या सिर्फ मैं ही हूं जो ब्रह्मास्त्र के ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रही हूं।

# साजिद खान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के बाद भी शांत नहीं हो रहा शर्लिन चोपड़ा का गुस्सा


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीवी रियलिटी शो बिग बॉस 16 का हिस्सा बनते ही साजिद खान को लेकर एक बार फिर यौन उत्पीड़न का मामला गरमाने लगा है। शो से उन्हें लगातार निकालने की मांग उठ रही हैं। बीते दिन अभिनेत्री शर्लिन



चोपड़ा ने साजिद खान के खिलाफ जुहू पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। अब वह एक बार फिर साजिद को लेकर आगबबूला हो गई हैं। अभिनेत्री ने एक नए इंटरव्यू में साजिद खान पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं और इतने सालों तक चुप रहने का कारण बताया है। शर्लिन चोपड़ा ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात की और साल 2005 में साजिद खान द्वारा उनके साथ किए गए यौन शोषण के बारे में बताया। शर्लिन ने कहा, ठहाल ही में मैंने मीटू आरोपी साजिद खान के खिलाफ जुहू पुलिस स्टेशन में यौन शोषण की शिकायत दर्ज कराई है, न सिर्फ यौन शोषण, बल्कि आपराधिक बल और आपराधिक धमकी की भी शिकायत की है। जब मैं यह शिकायत दर्ज कराने गई तो पुलिस ने सबसे पहले मुझसे पूछा कि यह वारदात कब हुई थी, जिस पर मैंने जवाब दिया कि यह 2005 में हुआ था। इसके बाद उन्होंने पूछा कि आपको इतना समय क्यों लगा हम तक पहुंचने में अपनी बात जारी रखते हुए शर्लिन ने आगे कहा, ठइतना समय इसलिए लगा क्योंकि हिम्मत नहीं थी साजिद खान जैसे बड़े नाम के खिलाफ यौन शोषण की शिकायत दर्ज कराने की। फिर उन्होंने पूछा तो आज ये हिम्मत कहाँ से पैदा हो गई? मैंने कहा, सर 2018 में मीटू मूवमेंट के चलते कई औरतों ने आगे आकर, निडर होकर अपना अनुभव साझा किया था। वह अनुभव जिसके बारे में सुनकर रूह कांप उठती है।

# मां काली के रूप में टीवी की इस बहू को देख खड़े हुए लोगों के रोंगटे, पहचानना होगा मुश्किल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**टीवी का फेमस डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा 10' इन दिनों काफी चर्चा में बना



हुआ है। इस शो में कंटेस्टेंट की दमदार परफॉर्मेंस हर बार फैंस को हैरान कर रही है। कई बार तो कंटेस्टेंट के डांस को देखकर जज तक अपनी कुर्सी पकड़ने पर मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में शो का आने वाला एपिसोड काफी खास होने वाला है। इस बार दर्शकों को कंटेस्टेंट के धमाकेदार परफॉर्मेंस देखने को मिलेगें। इस वीकेंड दिवाली स्पेशल एपिसोड में कुछ ऐसा देखने को मिलेगा, जिसे देखकर आप लोगों के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। 'झलक दिखला जा 10' का ये दिवाली स्पेशल एपिसोड बेहद खास होने वाला है। इस बार दर्शकों को मंच पर मां काली का तांडव देखने को मिलेगा। मां काली के अवतार में एक्ट्रेस निया शर्मा नजर आएंगी। निया को मां काली के गेटअप में देखकर कोई भी उन्हें पहचान नहीं सकता है। निया मां काली के रंग में पूरी तरह से रंगी नजर आ रही है। शो में उनकी परफॉर्मेंस का प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट सामने आया है। इसमें निया की परफॉर्मेंस और भयावह अवतार को देखकर आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। झलक के मंच पर 'रामायण' के राम-सीता यानी दीपिका चिखलिया और अरुण गोविल स्पेशल गेस्ट बनकर पहुंचे। निया के मां काली के रूप में एग्रेसिव और एकीटिक डांस को देख दीपिका उनकी तारीफ करते नहीं थक रहीं थीं। दीपिका और अरुण ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा है की जैसे उनमें साक्षात काली मां आ गई हों। इसके साथ ही राम-सिया की ये फेवरेट जोड़ी रामायण के डायलॉग और रावण वध का एक्ट करते भी नजर आएंगे। शो ये एपिसोड वाकई में काफी शानदार होने वाला है।

# दूसरी शादी के लिए शम्मी कपूर ने पत्नी के सामने रखी थी ये शर्त, जानकर रह जाएंगे हैरान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शम्मी कपूर आज भले ही इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन अपने दमदार अभिनय के दम पर वो आज भी वो फैंस के दिलों में जिंदा हैं। उन्होंने अपने करियर में कई बड़ी हिट फिल्में दीं। आज शम्मी के जन्मदिन पर हम उनके बारे में आपको कई दिलचस्प बातें बताने जा रहे हैं, जिसके बारे में आप जरूर जानना चाहेंगे शम्मी कपूर के नाम से पूरी दुनिया में मशहूर एक्टर के बचपन का नाम शमशेर राज कपूर था। घर में फिल्मी माहौल होने की वजह से वो शुरू




शम्मी कपूर की बर्थ एनिवर्सरी है। उनका जन्म 21 अक्टूबर, 1931 को पृथ्वीराज कपूर के घर में हुआ था। पृथ्वीराज कपूर हिंदी सिनेमा के न केवल शानदार कलाकार थे बल्कि बेहतरीन फिल्मकार भी थे। से ही अभिनय के क्षेत्र में आना चाहते थे। उन्होंने पिता के पृथ्वी थिएटर में अभिनय की बारीकियां सीखीं। इसके बाद शम्मी ने फिल्म 'जीवन ज्योति' से बॉलीवुड में कदम रखा। पहली ही फिल्म में दर्शकों ने उनके अभिनय को पसंद किया। ब्लैक एंड व्हाइट फिल्मों से शुरुआत करने वाले शम्मी ने हिंदी सिनेमा जगत में एक अलग ही इतिहास रच दिया। शम्मी कपूर प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुखियों में रहे थे। उनका नाम अभिनेत्री मुमताज संग काफी चर्चा में रहा था। मुमताज जब 18 साल की थीं तभी शम्मी कपूर ने उन्हें शादी के लिए प्रपोज कर दिया था। मुमताज भी शम्मी से प्यार करती थीं। शम्मी चाहते थे कि वो अपना फिल्मी करियर छोड़कर उनसे शादी कर लें, लेकिन मुमताज ने इनकार कर दिया। क्योंकि उस वक्त पृथ्वीराज कपूर के घर की बहुएं फिल्मों में काम नहीं कर सकती थीं। मुमताज के इनकार के बाद शम्मी कपूर ने खुद से उम्र में बड़ी अभिनेत्री गीता बाली से शादी की।

# कांतारा देख ऋषभ शेट्टी का दीवानी हुई कंगना रनोट, कहा- 'अब एक हफ्ते तक भूल नहीं पाऊंगी इस फिल्म को'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कनन्ड़ फिल्म 'कांतारा' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म में ऋषभ शेट्टी की एक्टिंग की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं। इसके साथ ही यह इस साल की कनन्ड़ की तीसरी हिट फिल्म बन गई वापस लौट रही हैं और उन्होंने ऋषभ शेट्टी की जमकर तारीफ की। उन्होंने वीडियो में कहा, 'मैं अभी-अभी अपने परिवार के साथ कांतारा को देखकर आ रही हूं और अब भी कांप रही हूं। कितनी शानदार फिल्म बनाई है, राइटिंग, एक्शन, डायरेक्शन और एक्टिंग सबकुछ देखी। इस फिल्म के लिए ऋषभ शेट्टी आपको धन्यवाद।' वीडियो में कंगना काफी इमोशनल भी नजर आईं, उनके भाव देखकर लग रहा था कि कांतारा सच में उन्हें काफी पसंद आई है। बता दें कि कर्नाटक में दैव नृत्य की






है। घ्ठ्ठ पर भी फिल्म को सबसे हाईएस्ट रेटिंग हासिल हुई है इसके लेखन और निर्देशन के लोग कायल हो रहे हैं। कांतारा की फैन लिस्ट में ताजा नाम है बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनोट का। कंगना रनोट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरीज में एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने बताया कि वो अपनी फैमिली के साथ कांतारा देखकर काफी जबरदस्त है। ऋषभ शेट्टी, आपको सलाम। वीडियो में आगे उन्होंने कहा- 'कांतारा में हमारी परंपरा, लोक कथाओं को कितने अच्छे से दिखाया गया है। मुझे इस फिल्म से बाहर निकलने में अभी भी एक हफ्ता लगेगा। पूरी फिल्म बहुत गजब बनी है। लोग सिनेमाघरों से निकलते हुए कह रहे थे कि हमने पहले कभी ऐसी कोई फिल्म नहीं परंपराओं पर इस फिल्म की कहानी बेस्ड है। 30 सितंबर को इसे कन्नड़ में रिलीज किया गया था जिसके बाद 14 अक्टूबर को इसने हिन्दी सहित अन्य भाषाओं में सिनेमाघरों में दस्तक दी। फिल्म का इम्पैक्ट इतना गहरा है कि गुरुवार को प्रदेश में 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी नर्तकों के लिए सरकार ने मासिक भत्ते की घोषणा की है।

# अक्षय कुमार की 'रामसेतु' का पहला रिव्यू, टिकट बुक करने से पहले यहां पढ़ें कैसी है फिल्म

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की 'रामसेतु' 25 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस साल रिलीज होने वाली यह अक्षय कुमार की चौथी फिल्म हैं और अगर ओटीटी पर रिलीज हुई 'कठपुतली' को भी मिला दें तो यह पांचवीं फिल्म है। यह साल अक्षय कुमार के फैंस को उमेर का यह रिव्यू कुछ खास अच्छा नहीं लग रहा। कुछ लोगों का कहना है कि वो फर्स्ट डे फर्स्ट शो ही देखेंगे। बता दें कि इस साल की शुरुआत में होली के मौके पर अक्षय कुमार की 'बच्चन पांडे' रिलीज हुई थी। पहले दिन 12 करोड़ कमाने वाली फिल्म से उम्मीदें



के लिए कुछ खास अच्छा नहीं रहा। उनकी रिलीज तीनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी हैं। ऐसे में खिलाड़ी कुमार की सारी उम्मीदें अब रामसेतु पर टिकीं हुई हैं। रामसेतु का पहला रिव्यू सामने आ चुका है। दुबई सेंसर बोर्ड के सदस्य उमेर संधू ने फिल्म को देख लिया है और इसे लेकर अपना रिएक्शन भी दिया है। उन्होंने फिल्म को पूरी तरह से एवरेज बताया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा- मैंने रामसेतु देख ली है और फिल्म पूरी तरह से एवरेज है। तो काफी थीं लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम हो गई थी। इसके बाद आई 'सम्राट पृथ्वीराज' का हाल तो और भी बुरा था। सबसे बुरी गति हुई 11 अगस्त को रिलीज हुई 'रक्षाबंधन' की। अब अगर 'रामसेतु' भी एवरेज निकली तो अक्षय कुमार को बहुत बड़ा झटका लगेगा। राम सेतु' में अक्षय कुमार, आर्यन कुलश्रेष्ठ के नाम से एक आर्कियोलॉजिस्ट के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में जैकलीन फर्नांडिज नुसरत भरूचा भी लीड रोल में है, जिनकी झलक पोस्टर और ट्रेलर में भी देखने को मिल चुकी है।

# बच्चे भी देख सकेंगे अजय देवगन की थैंक गॉड', कुछ कट्स के बाद सेंसर ने फिल्म को दिया यू/ए सर्टिफिकेट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अजय देवगन अपनी फिल्म 'थैंक गॉड' के साथ इस दिवाली सिनेमाघरों में दस्तक दे रहे हैं। हाल ही में उनकी फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया गया था जिसके बाद दर्शकों में फिल्म को लेकर खासा उत्साह नजर रिलीज किया गया था। इसमें दिखाया गया है कि अजय देवगन सीजी नाम का एक किरदार निभा रहे हैं। निर्माताओं को लगा कि उन्हें चित्रगुप्त के रूप में संबोधित करने से बचने में ही बुद्धिमानी है। इसलिए, उन्होंने शॉर्ट फॉर्म सीजी का इस्तेमाल किया। दूसरी तरफ




आया। हालांकि कुछ ने 'थैंक गॉड' पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया। खासकर अजय देवगन के कैरेक्टर को, जो फिल्म में चित्रगुप्त के रूप में नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स मुताबिक फिल्म के मेकर्स ने डैमेज कंट्रोल कर लिया है ताकि 'थैंक गॉड' को रिलीज के बाद किसी मुसीबत का सामना मा करना पड़े। इसी बीच निर्माताओं ने पिछले हफ्ते 'थैंक गॉड' का एक नया ट्रेलर थैंक गॉड को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने प्रमाणित किया है। फिल्म को तीन मॉडिफिकेशन के साथ सर्टिफिकेट दिया गया है। सबसे पहले, भगवान हनुमान की मूर्ति को मिठाई चढ़ाने के सीन के एक शॉट को बैक शॉट एंगल से बदल दिया गया। दूसरे, शराब के ब्रांड का नाम धुंधला कर दिया गया और अंत में, डिस्क्लेमर को बदला गया है और साथ ही इसकी इसकी लंबाई बढ़ा दी गई ताकि फिल्म देखने वालों को इसे पढ़ने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। इन बदलावों के बाद, थैंक गॉड को 20 अक्टूबर को सेंसर से सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए सर्टिफिकेट मिल गया। फिल्म की लंबाई, जैसा कि सर्टिफिकेट पर बताया गया है, 121 मिनट, यानी 2 घंटे और 1 मिनट है। बता दें कि 25 अक्टूबर को ही अक्षय कुमार की रामसेतु भी रिलीज हो रही है। इस फिल्म को भी कुछ कट्स के बाद सेंसर से सर्टिफिकेट ही मिला है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोट:- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।